


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

2 पेज

पेज 7

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 79 | ग्वालियर मंगलवार, 27 दिसम्बर 2022 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए




## जम गया अमेरिका, चक्रवात ने मचाई तबाही, 31 लोगों की मौत

अमेरिका में आए भयंकर आर्कटिक बॉम्ब तूफान के कारण कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई है. इनमें से ज्यादातर मौतें बफेलो और न्यूयॉर्क में हुई हैं. इसके अलावा 4 मौतें कनाडा में हुई हैं. अमेरिका के मोंटाना राज्य में तापमान -45 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है. भीषण सर्दी की वजह से यहां हवाई यात्राएं ठप्प हैं और लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं.

**अमेरिका।** बॉम्ब साइक्लोन तूफान का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है. जो कनाडा के पास ग्रेट लेक्स से मैक्सिको की सीमा के साथ रियो ग्रांडे तक फैला हुआ है. अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा विभाग ने कहा कि



अमेरिका की लगभग 60 प्रतिशत आबादी को भीषण सर्दियों को लेकर चेतावनी जारी की गई है. वहीं, रॉकी माउंटेन रेंज के पूर्व से एपलाचियन तक तापमान सामान्य से बहुत नीचे गिर गया है. के अनुसार, अमेरिका में रविवार को दोपहर करीब दो बजे तक करीब 1,707 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं. बफेलो की मूल निवासी न्यूयॉर्क राज्य की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा, यह इतिहास में बफेलो के सबसे विनाशकारी तूफान के रूप में जाना जाएगा. वर्मोंट, ओहियो, मिसौरी, विस्कॉन्सिन, कंसास और कोलोराडो में भी तूफान से मौतों की सूचना मिली है.

**दो लाख घरों की बिजली गुल–** बर्फीले तूफान से अमेरिका के लाखों घरों में बिजली की सप्लाई बंद हो गई है. लोग बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर हैं. रविवार दोपहर तक अमेरिका में लगभग दो लाख लोगों को बगैर बिजली के गुजारना पड़ा. वहीं, चार मौतें कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया के पश्चिमी प्रांत मेरिट शहर के पास बर्फीली सड़क पर एक बस के पलट जाने से हुईं. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार कनाडा में ओंटारियो और क्यूबेक प्रांत बिजली कटौती से सबसे अधिक प्रभावित हैं.

# क्या पायलट के हाथ होगी राजस्थान की कमान

**नई दिल्ली।** लग रहा है कि राजस्थान की राजनीति तेजी से बदलाव के नये मोड़ पर है. ऐसा इसलिए नहीं कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर वहां पर राजनीति अभी से गरमाने लगी है, बल्कि इसलिए कि प्रदेश की राजनीति के जादूगर के रूप में लोकप्रिय सीएम अशोक गहलोत ने बैक टू बैक तीन ऐसे ट्वीट किए हैं, जो बड़ा सियासी संदेश देने वाले हैं. उनके ट्वीट में शामिल शब्द संदेश दे रहे हैं कि सभी लोग बड़े बदलाव के लिए तैयार रहें. तो क्या वो नये साल के असवर पर सत्ता से खुद को दूर करने का मन तो नहीं बना रहे हैं, क्या राजस्थान की राजनीति में पायलट का दौर शुरू होने वाला है. आइए, हम आपको बताते हैं उन्होंने अपने ट्वीट में क्या संदेश देने की कोशिश की है. उनकी ट्वीट की भाषा को पढ़कर आप खुद जान जाएंगे कि वो क्या कहना चाहते हैं।

**गहलोत का संकेत, अब युवा नेता ही संभालें कमान–** दरअसल, अशोक गहलोत राजस्थान के ही नहीं, देश के भी अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं. उनके जैसा राजनेता वर्तमान में देश के बहुत कम हैं. वह तीसरी बार सीएम बनने के बाद से ही कांग्रेस की राजनीति के उस मोड़ पर हैं जहां से पार्टी की राजनीति युवा पीढ़ी के हाथों में शिफ्ट होने के करीब है. सचिन पायलट इस बात पर तभी से जोड़ दे रहे हैं. पायलट से गहलोत का सियासी रार भी उसी का प्रतीक है. इस बीच राहुल गांधी की भारत यात्रा के दौरान भी दोनों के बीच सियासी उठापटक का सिलसिला जारी रहा। गहलोत गुट ने 25 सितंबर को बगावत का बिगुल भी फूंक दिया था. हालांकि, मामले को थामने के लिए गहलोत दिल्ली पहुंचे और सोनिया गांधी मुलाकात कर माफी भी मांगी थी, उस समय जो कुछ हुआ उसे सियासी मजबूरी बताकर उन्होंने मामले को वहीं समाप्त कर दिया था. उसके बाद उनके तीनों समर्थक बागी नेताओं ने भी सफाई पेश करते हुए माफी मांगी थी. उसके बाद भी सीएम बदलने की बात पर पायलट गुट अड़ा था. राजस्थान के तत्कालीन प्रभारी अजय माकन ने अपने पद से इस्तीफा




भी इसी को मुद्दा बनाते हुए दिया था.

**अलवर सर्किट हाउस इफेक्ट–** इसके बाद राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा के दौरान भी सचिन पायलट हावी रहे. राजस्थान में यात्रा के अंतिम दिन राहुल गांधी ने अशोक गहलोत और सचिन पायलट से अलवर सर्किट हाउस में गुप्त मंत्रणा की थी. तीनों के बीच क्या बातचीत हुई, ये तो सामने नहीं आई, लेकिन तभी से माना जा रहा था कि अशोक गहलोत अब कुर्सी छोड़ देंगे. राहुल गांधी ने गुप्त मंत्रणा के बाद बाहर आते ही कहा था कि कांग्रेस और राजस्थान में सबकुछ ठीक है। उसके बाद से अशोक गहलोत का रुख बदला हुआ है. पिछले कुछ दिनों से वो गंभीर दिखाई दे रहे थे। आज उन्होंने अचानक ट्वीटकर अपनी मंशा भी जाहिर दी है कि वो बदलाव के लिए पूरे मन से तैयार हैं. अपने ताजा ट्वीट में सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि जिस तरह से भावुक उद्गार व्यक्त किया है, उससे साफ कि वो प्रदेश में सभी समुदाय, जाति, धर्म, संप्रदाय, वर्ग के हित में अपना काम करना चाहते हैं. उन्होंने अपने बैक टू बैक टू में कहा कि मेरी जाति सैनी, तेली और कुशवाहा कहलाती है, अगर 36 कौमों के लोग मुझे प्यार नहीं करते तो मैं कैसे तीन-तीन बार प्रदेश का सीएम बनता, इंदिरा, राजीव जी, नरसिम्हा राव जी की सरकार में केंद्रीय मंत्री रहा. ये सब जनता प्यार, आलाकमान का भरोसा और साथियों का सहयोग ही तो है. उन्होंने कहाकि इसलिए, मैं बिना किसी भेदभाव के सबके लिए काम करना चाहता हूं. गहलोत ने गांधी जी के व्यवस्था के अंतिम पायदान खड़े व्यक्ति के कल्याण की धारणा का जिक्र करते हुए लिखा है - गांधी जी ने कहा...था, उसी ढंग से मेरा प्रयास रहेगा कि राजस्थान के हर गरीब के आंसू पोंछूं, चाहे वो कोई कौम का हो, कोई धर्म का हो, चाहे कोई भी हों। मेरा फर्ज बनता है कि मैं राजस्थान में वो सुशासन दूं जिससे सबका भला हो और राजस्थान का विकास हो.

### जातियों के आधार पर कोई सीएम नहीं बनता

सीएम गहलोत ने कहा कि आज मैं मुख्यमंत्री हूं. मैं चाहता हूं कि हर कौम की सेवा करूं, चाहे वो जाट हों, गुर्जर हों, राजपूत हों, कुशवाहा हों, जाटव हों, ब्राह्मण हों, बनिया हों, मीणा हों, जो भी कौम के लोग हैं, कोई भी हों, क्योंकि मैं इस बात को जानता हूं कि जातियों के आधार कोई मुख्यमंत्री नहीं बनते हैं.

### भाग्यशाली हूं, लोगों ने मुझे 3-3 बार सीएम बनाया

सीएम ने कहा कि मैं जानता हूं कि आज मैं मुख्यमंत्री हूं, अगर छत्तीसों कौम मुझसे प्यार नहीं करतीं, मुझे आशीर्वाद नहीं देतीं, तो मुझे कैसे मुख्यमंत्री बनाया जाता. वो भी 3-3 बार. सबसे बड़ी बात ये है कि मेरी जाति सैनी कहलाती है, कुशवाहा कहलाती है, माली कहलाती है. मेरी जाति का एक ही एमएलए है असेंबली के अंदर. एक ही है और वो मैं खुद ही हूं.. मैं कई बार सोचता रहता हूं खुद भी कि मैं कितना लकी व्यक्ति हूं, कितना सौभाग्यशाली हूं कि राजस्थान की जनता ने मुझे, मेरी कौम का 1 एमएलए मैं खुद ही हूं, तब भी आप लोगों ने मुझे 3-3 बार मुख्यमंत्री बनाया है.

### अंतिम सांस तक लोगों की सेवा का संकल्प

गहलोत ने कहा कि तीन बार एआईसीसी का महामंत्री और 3 बार मुख्यमंत्री, इतना विश्वास मुझ पर हाईकमान कर रहे हैं, इसलिए कर रहे हैं कि राजस्थान के लोगों का प्यार, दुलार, आशीर्वाद मेरे साथ है. मैंने अंतिम सांस तक लोगों की सेवा का संकल्प ले रखा है. मेरा सेवा करने का संकल्प है कि सेवा ही कर्म है, सेवा ही धर्म है। गहलोत ने इस बात का भी जिक्र किया है कि मुझसे बड़ा सौभाग्यशाली व्यक्ति कोई हो सकता है क्या, जिसको जनता ने इतना प्यार दिया, हाईकमान ने विश्वास किया, मैं इंदिरा गांधी जी की सरकार में मंत्री था, राजीव जी की सरकार में मंत्री रहा. नरसिम्हा राव जी की सरकार में मंत्री रहा, 3 बार केंद्रीय मंत्री, 3 बार प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष रहा.

## शादी के बाद से परेशान हैं पाक गेंदबाज हारिस रऊफ

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने बीते शनिवार यानी 24 दिसंबर को अपनी क्लासमेट और पेशे से मॉडल मुजना मसूद मलिक के साथ निकाह किया है. हालांकि, शादी के बाद से हारिस बहुत परेशान हैं. उन्होंने खुद अपना दर्द बयां किया है. दरअसल, निकाह के बाद से हारिस रऊफ को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है. दरअसल, उनकी वाइफ के सोशल मीडिया पर कई फर्जी अकाउंट बन गए हैं. वाइफ के नाम से फर्जी अकाउंट बनने से परेशान हारिस रऊफ ने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर यह जानकारी दी है कि उनकी वाइफ मुजना मसूद मलिक के नाम से बने सभी अकाउंट फर्जी हैं.



हारिस ने लिखा, सभी को सलाम. मैं यह क्लीयर करना चाहता हूं कि मेरी वाइफ मुजना मसूद मलिक किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं हैं. उनका कोई भी ऑफिशियल अकाउंट नहीं है. किसी भी तरह के फर्जीवाड़े से सावधान रहें. आप सभी की दुआ और शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया. हारिस की पत्नी मुजना मसूद मलिक पेशे से मॉडल हैं और वह हारिस के साथ पढ़ चुकी हैं. हालिया समय में दोनों को कई बार साथ देखा गया और इसके बाद से ही दोनों के रिश्ते में होने की बात सामने आई थी. हारिस के शादी का जश्न 24 से लेकर 28 दिसंबर तक चलता रहेगा जिसमें उनका वलीमा भी शामिल होगा. हारिस और मुजना की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं.

### खुदकुशी से ठीक पहले शीजान के साथ लंच कर रहीं थीं तुनिषा शर्मा

एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा के सुसाइड केस में पुलिस की जांच चल रही है. पुलिस तुनिषा सुसाइड केस में आखिरी 15 मिनट की मिस्ट्री सुलझाने में जुटी हुई है. मामले की पूरी जांच इन्हीं आखिरी 15 मिनट पर टिकी है. शनिवार दोपहर खुदकुशी से ठीक 15 मिनट पहले तुनिषा और शीजान दोनों साथ में लंच कर रहे थे. फिर आखिर ऐसा क्या हुआ कि तुनिषा ने तुरंत आत्महत्या जैसा कड़ा कदम उठा लिया. तुनिषा के परिवार के मुताबिक 15 दिन पहले शीजान से उसका ब्रेकअप हुआ था. घटना वाली सुबह तुनिषा घर से खुश निकली थी यानी तुनिषा ने खुदकुशी का फैसला लंच के दौरान उन्हीं आखिरी 15 मिनट में लिया होगा. पुलिस ने तुनिषा शर्मा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उनके 27 वर्षीय साथी अभिनेता शीजान खान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया था.

## बीजेपी और आरएसएस...., मथुरा ईदगाह के अमीन सर्वे पर बोले असदुद्दीन ओवैसी

**मथुरा।** मथुरा की एक स्थानीय अदालत ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं शाही ईदगाह विवाद को लेकर हिन्दू सेना के दावे पर ईदगाह के अमीन सर्वेक्षण की रिपोर्ट 20 जनवरी को तलब की है. कोर्ट के आदेश पर अब ढ्रुख्ढ्रूसांसद असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कोर्ट के आदेश पर सवाल खड़े किए हैं. असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि सर्वे के लिए पूछना एक गलत आदेश है. वह आदेश अपने आप में एक गलत आदेश है, सिविल कोर्ट ने 1991 के उस अधिनियम का उल्लंघन किया है. ओवैसी ने आगे कहा, मैं मथुरा कोर्ट के आदेश से असहमत हूं.

एआईएमआईएम प्रमुख ने बीजेपी और आरएसएस पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस इस देश में 1980 और 1990 वाली हालत बनाने की कोशिश में हैं. ओवैसी ने कहा, ÷पीएम मोदी को विश्व हिन्दू परिषद को रोकना चाहिए.÷ उन्होंने ये भी कहा कि उनको उम्मीद है कि ईदगाह ट्रस्ट के लोग गलत फैसले के खिलाफ अपील करेंगे. गौरतलब है कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान - शाही मस्जिद ईदगाह मामले में ईदगाह के अमीन सर्वेक्षण के स्थानीय अदालत के आदेश पर मुस्लिम पक्ष आगामी 20 जनवरी को अपनी आपत्ति दाखिल करेगा. शाही मस्जिद ईदगाह इंतजामिया कमेटी के सचिव एवं अधिवक्ता तनवीर अहमद ने रविवार को कहा हम सर्वे सम्बन्धी आदेश पर 20 जनवरी को आपत्ति दाखिल करेंगे.

**20 जनवरी को रिपोर्ट पेश करनी है–** इस मामले में शनिवार को वादियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म



से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास अदालत के समक्ष पेश किया. उन्होंने वर्ष 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही ईदगाह के बीच हुए समझौते को भी अवैध बताते हुए निरस्त किए जाने की मांग की है. बता दें कि अमीन को 20 जनवरी तक ईदगाह की रिपोर्ट अदालत में पेश करनी होगी.

## कर्नाटक ने न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए जारी की गाइडलाइन

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस एक बार फिर से लोगों को डराने लगा है. चीन में बिगड़े हालातों को देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को सतर्क रहने का निर्देश दे दिया गया है. इसके बाद कर्नाटक सरकार भी अलर्ट हो चुकी है. कोरोना संकट के बीच नए साल के जश्न को लेकर कर्नाटक सरकार ने गाइडलाइन जारी की है. कर्नाटक सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के तहत रात 1 बजे तक ही न्यू ईयर को सेलिब्रेट कर सकते हैं. इसके अलावा अब राज्य में कई जगहों पर मास्क पहनना भी अनिवार्य कर दिया गया है. कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर ने इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा, घबराने की जरूरत नहीं, बस सावधानी बरतनी होगी. कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने कोविड गाइडलाइन की जानकारी देते हुए कहा, मूवी थिएटर, स्कूल और कॉलेजों के अंदर मास्क अनिवार्य कर दिया गया है.

## तुर्की में मकबरे के पास मिला प्राचीन मंदिर

**तुर्की।** तुर्की में आर्कोलॉजिकल की एक टीम को किले में खुदाई के दौरान प्राचीन काल का एक मंदिर मिला है. इस मंदिर का संबंध राजा मेनुआ से बताया जा रहा है. जिस प्राचीन किले में यह मंदिर मिला है, वो पूर्वी तुर्की के वान जिले में पड़ता है. हालांकि, राजा मिनुआ से संबंधित यह पहला मंदिर नहीं है, जो आर्कोलॉजिकल टीम को मिला है. इससे पहले भी एक मंदिर मिल चुका है. जिस प्राचीन किले की खुदाई आर्कोलॉजिकल टीम कर रही हैं, उसका आधुनिक तुर्की में नाम कोरजुत है, जिसे आठवीं शताब्दी ईसा पूर्व में



बनाया गया था. इस किले का निर्माण राजा मिनुआ ने करवाया था. वन संग्रहालय के ओर से किए गए खुदाई के दौरान किले में कई महत्वपूर्ण चीजें मिली हैं. तुर्की के संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय की अनुमति के बाद किले में खुदाई का काम शुरू किया गया था, जो अब भी जारी है.

**तुर्की सरकार कर रही है फंड–** इस आर्कोलॉजिकल खुदाई को तुर्की सरकार की ओर से फंड भी दिया जा रहा है. किले में यह खुदाई वान युजुंकू यिल विश्वविद्यालय के आर्कोलॉजिकल विभाग के प्रोफेसर सबाहत्तिन अर्दोआन के नेतृत्व में की जा रही है.

## अपने घरों में रखें हथियार, कुछ नहीं है तो चाकुओं की तेज रखें धार: बीजेपी नेता प्रज्ञा सिंह ठाकुर



बीजेपी नेता और सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है. हिंदू कार्यकर्ताओं की हत्या पर बात करते हुए कहा कि हिंदुओं को उनपर और उनकी गरिमा पर हमला करने वालों को जवाब देने का अधिकार है. मध्य प्रदेश में भोपाल संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली सांसद ने भी हिंदुओं समुदाय से कम से कम अपने घरों में चाकू रखने की सलाह दी और कहा सभी को अपनी ही रक्षा करने का अधिकार है. प्रज्ञा ठाकुर ने ये बात हिंदू जागरण वेदिका के दक्षिण क्षेत्र के वार्षिक समारोह में कही है. उन्नेहोंने कहा, उनके पास लव जिहाद की जिहादी की परंपरा है, अगर कुछ नहीं करते हैं तो लव जिहाद करते हैं. अगर वे प्यार भी करते हैं तो उसमें जिहाद करते हैं. हम (हिंदू) भी प्यार करते हैं, भगवान से प्यार करते हैं, एक संन्यासी अपने भगवान से प्यार करता है. प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा, लव जिहाद में शामिल लोगों को उनकी भाषा में जवाब देना चाहिए. अपनी लड़कियों की रक्षा करें, उन्हें सही मूल्य सिखाएं. इसके अलावा शिवमोग्गा के हर्षा सहित हिंदू कार्यकर्ताओं की हत्या की ओर इशारा करते हुए, उन्होंने लोगों से आत्मरक्षा के लिए घर में धारदार चाकूओं को रखने के लिए कहा. ठाकुर ने कहा, अपने घरों में हथियार रखें. अगर और कुछ नहीं है तो कम से कम उन चाकूओं की धार तेज रखें जिनका इस्तेमाल सब्जियां काटने के लिए किया जाता है.

## क्या कर्नाटक में आरक्षण के चक्रव्यूह को भेद पाएगी बीजेपी

**नई दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद अब बीजेपी दक्षिण भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने के मिशन में जुटी है. इसके लिए बीजेपी के पास कर्नाटक में सत्ता बरकरार रखने की चुनौती है. लेकिन हाल फिलहाल में कर्नाटक में बीजेपी एक नए तरह के चक्रव्यूह में फंसते नजर आ रही है. ये चक्रव्यूह लिंगायत समुदाय के आरक्षण से जुड़ा है. अगर जल्द ही बीजेपी ने इस चक्रव्यूह को भेदने की रणनीति नहीं बनाई तो उसके लिए सत्ता में वापसी की राह कांटों भरी हो सकती है. कर्नाटक विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है. कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 24 मई 2023 को खत्म हो रहा है. ऐसे में अप्रैल-



मई में यहां चुनाव हो सकते हैं. चुनाव को नजदीक देख कर्नाटक के अलग-अलग समुदायों से आरक्षण बढ़ाने की मांग तेज़ हो रही है. लिंगायत और वोक्कालिगा समुदाय की आरक्षण बढ़ाने की मांग का हल निकालना बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है. कर्नाटक में लिंगायत समुदाय के लोग आरक्षण को बढ़ाकर 15प्रतिशत करने की मांग कर रहे हैं. फिलहाल कर्नाटक में लिंगायत के लिए 5 फीसदी का आरक्षण है. ऐसे तो इनकी आरक्षण बढ़ाने की मांग पहले से ही है, लेकिन चुनाव को देखते हुए इस समुदाय से जुड़े संगठनों ने बीजेपी नेता और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है. लिंगायत समुदाय की मांग है कि उन्हें ओबीसी आरक्षण की श्रेणी 2ए में शामिल किया जाए. इससे उनके लिए 15प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ होगा. अभी लिंगायत को 3बी की कैटेगरी में 5 प्रतिशत का आरक्षण मिलता है.

**पंचमसाली लिंगायत पीछे हटने को तैयार नहीं–** सरकार और बीजेपी पर दबाव बनाने की कड़ी में ही 22 दिसंबर को एक लाख से ज्यादा पंचमसाली लिंगायतों ने आरक्षण बढ़ाने की मांग को लेकर कर्नाटक के बेलगावी में प्रदर्शन किया.

## एक इंच जमीन के लिए भी लड़ेगा महाराष्ट्र, बोले देवेंद्र फडणवीस

महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद के मुद्दे पर इस समय काफी चर्चा हो रही है. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को राज्य विधान परिषद में कहा कि केंद्र सरकार को 'कर्नाटक के कब्जे वाले महाराष्ट्र के क्षेत्रों' को केंद्रशासित प्रदेश घोषित कर देना चाहिए. महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद पर उच्च सदन में अपनी बात रखते हुए उद्धव ठाकरे के नेता ने कहा कि यह केवल भाषा और सीमा का नहीं, बल्कि 'मानवता' का मामला है. सीमा विवाद को लेकर विधानसभा में महाराष्ट्र के विधानसभा में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की आलोचना की. उन्होंने एकनाथ शिंदे की कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद में खामोशी पर सवाल उठाया है. उद्धव ठाकरे ने कहा कि कर्नाटक के सीएम जहां सीमा विवाद पर आक्रामक हैं, वहीं सीएम शिंदे खामोश हैं. जब तक सुप्रीम कोर्ट बेलगावी, कारवार और निप्पानी को केंद्र शासित प्रदेश घोषित नहीं कर देता. विधानसभा में जो प्रस्ताव पास होना है. उसमें इसे जोड़ा जाए.

### औरंगजेब के आतंक के खिलाफ, गुरु गोविंद सिंह ने....,

# बोले पीएम मोदी, मुगल सल्तनत का भी किया जिक्र

**दिल्ली।** दिल्ली की मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में सोमवार (26 दिसंबर) को वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया. ये कार्यक्रम साहिबजादों की कुर्बानी को समर्पित था. पीएम मोदी ने इस दौरान वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की. पीएम ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया और अपने संबोधन में मुगलों का जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज पहला वीर बाल दिवस मना रहा है. मैं वीर साहिबजादों के चरणों में नमन करते हुए उन्हें कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. इसे मैं अपनी सरकार का सौभाग्य मानता हूं कि उसे आज 26 दिसंबर के दिन को वीर बाल दिवस के तौर पर घोषित करने का मौका मिला.

**मुगल सल्तनत का किया जिक्र–** मुगलों का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि हर क्रूर चेहरे के सामने महानायकों और महानायिकाओं के भी एक से एक महान चरित्र रहे हैं, लेकिन ये भी सच है कि चमकौर और सरहिंद के युद्ध में जो कुछ हुआ, वो भूतों न भविष्यति था. एक ओर धार्मिक कट्टरता में अंधी इतनी बड़ी मुगल सल्तनत, दूसरी ओर ज्ञान और तपस्या में तपे हुए हमारे गुरु, भारत के प्राचीन मानवीय मूल्यों को जीने वाली परंपरा. चमकौर और सरहिंद की लड़ाई वास्तव में अविस्मरणीय है. ये 3 शताब्दी पहले लड़ी गई, लेकिन अतीत इतना पुराना नहीं है कि भुला दिया जाए. इन सभी के बलिदानों को हमेशा याद रखा जाएगा.



**वीर साहिबजादे किसी धमकी से डरे नहीं–** पीएम मोदी ने आगे कहा कि एक ओर आतंक की पराकाष्ठा, तो दूसरी ओर आध्यात्म का शीर्ष. एक ओर मजहबी उन्माद, तो दूसरी ओर सबमें ईश्वर देखने वाली उदारता. इस सबके बीच, एक ओर लाखों की फौज और दूसरी ओर अकेले होकर भी निडर खड़े गुरु के वीर साहिबजादे. ये वीर साहिबजादे किसी धमकी से डरे नहीं, किसी के सामने झुके नहीं.

**गुरु गोविंद सिंह जी पहाड़ की तरह खड़े थे–** औरंगजेब का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि उस दौर की कल्पना करिए. औरंगजेब के आतंक के खिलाफ भारत को बदलने के उसके मंसूबों के खिलाफ, गुरु गोविंद सिंह जी पहाड़ की तरह खड़े थे, लेकिन जोरावर सिंह साहब और फतेह सिंह साहब जैसे कम उम्र के बालकों से औरंगजेब और उसकी सल्तनत की क्या दुश्मनी हो सकती थी।

### मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाखों रूपये खर्च कर लगाई गई डिजिटल एक्सरे मशीन पर

# कम्प्यूटर सेट नहीं होने के कारण लाभ से वंचित हो रहे मरीज

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद-** तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आज भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा है जहां एक ओर पूरे गरियाबंद जिले के सबसे बड़े विकासखण्ड के रूप में मैनपुर को जाना जाता है लेकिन आज भी लगभग डेड़ लाख आबादी के लिए पर्याप्त डॉक्टरो की व्यवस्था नहीं होने से इलाज के लिए इस क्षेत्र के ग्रामीण या तो ओड़िशा जाने को मजबूर हो रहे हैं या फिर राजधानी रायपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाखों रूपये खर्च कर डिजिटल एक्सरे मशीन लगाया गया है जिससे मरीजों को अच्छी क्वालिटी की एक्सरे की सुविधा उपलब्ध हो सके लेकिन इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कारण डिजिटल एक्सरे मशीन तो उपलब्ध करा दी गई है लेकिन कम्प्यूटर सिस्टम नही होने के कारण आज भी पुराने फिल्म में एक्सरे रिपोर्ट बनाकर दिया जा रहा है।



यहां तत्काल एक्सरे मशीन कक्ष में कम्प्यूटर सेट लगाने की जरूरत है जिससे क्षेत्र के लोगो को बेहतर एक्सरे की सुविधा उपलब्ध हो सके लाखो का मशीन तो लगा है पर कुछ हजार रूपये खर्च कर यहा कम्प्यूटर सिस्टम नही लगाने से आज भी क्षेत्र के अधिकांश लोग एक्सरे कराने बड़े शहरो के तरफ जा रहे है। मैनपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, तुलसी राठौर, गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के संभागीय अध्यक्ष महेन्द्र नेताम, आम आदमी पार्टी के विधानसभा प्रभारी हनीफ मेमन, विधानसभा अध्यक्ष सियाराम ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष बलिराज ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन, ब्लॉक कांग्रेस सचिव गेन्दू यादव, छात्र नेता खिलेन्द्र पटेल, आदिवासी नेता डाकेश्वर नेगी, पारेश्वर नेगी, कमार विकास अभिकरण के सदस्य पिलेश्वर सोरी, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रियंका कपील, विरेन्द्र श्रीवास्तव, रूदेश्वर साहू, विनीत बाघमार, सोतन सेन, महेन्द्र साहू, बृजलाल सोनवानी, डोमार साहू, लोक पटेल, हरिश्वर पटेल, डोमार पटेल सहित क्षेत्र के लोगो ने छत्तीसगड़ के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव, गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत, बिन्द्रानवागड़ के विधायक डमरूधर पुजारी से मांग किया है कि मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्सरे कक्ष में पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए क्षेत्र की जनता को इसका लाभ दिलाया जाये।

# राष्ट्रपति पुरस्कृत डॉ देवदास के शैक्षिक नवाचार को मिला मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

शैक्षिक नवाचार के माध्यम से देश विदेश में छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन वाले राष्टपति पुरस्कृत प्रधानाध्यापक एवं साहित्यकार डॉ मुन्ना लाल देवदास को मिला मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड उन्हें 35 वर्षों के शिक्षकीय जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न प्रकार के कार्य और नवाचार के लिए प्रदान किया गया है। डॉ देवदास निरंतर दूसरों से अच्छी बातें सीखने में और समयानुकूल नये नये कार्य करने में अधिक रुचि लेते हैं। यही गुण ग्राहकता की प्रवृत्ति उनकी सफलता का मूलमंत्र है। इस मूलमंत्र को जो भी अपनाएंगे उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। आपको बताना चाहेंगे कि डॉ देवदास इससे पहले भी शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा और गीतकार के रुप में अनेक राष्टीय और अंतर्राष्टीय सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। इसी तारतम्य में जिला स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह में अतिथियों द्वारा यह सम्मान प्रदान करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कौशल पर कार्य करने वाले जिले के पांचों विकास खंड से आए शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनका सम्मान किया गया। यहाँ यह भी बताना जरुरी है कि कार्यक्रम आयोजक ग्राम खैरझिटी में प्रतिदिन समस्त ग्रामवासी



राष्टगान करते हैं। इसी प्रकार विद्यालय एवं संकुल के सभी शिक्षक ,शिक्षिका और बच्चे स्कूल ड्रेस कोड में आते हैं जिसके मार्गदर्शक है संकुल समन्वयक दिनेश सोनी। इसका अनुसरण यदि प्रत्येक विद्यालय में हो तो पूरा परिवेश अलग नजर आएगा। इस कार्यक्रम के आमंत्रित अतिथि थे पू. जिला शिक्षा अधिकारी करमन खटकर, नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी डी एस चौहान, डी एम सी श्याम चन्द्राकर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर मिश्रा, बीआर सी टिकेंद्र यदु , कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष लखन लाल साहू, संकुल प्राचार्य पीतांबर ध्रुव, सरपंच सियाराम ध्रुव, सर्व प्राचार्य पुरन लाल साहू, चंद्रिका साहू, जी पी वर्मा, मेघा टक्कर, संजय एक्का, ओम प्रकाश सिन्हा उग्रसेन सिद्धार दयानंद साहू प्रदीप मिश्रा ,व्याख्याता सतीश मालवीय, मीनाक्षी शर्मा, सभी संकुल समन्वयक, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी ग्रामीण जन एवं छात्र छात्राएं। संचालन प्राचार्य कुमान सिंह ध्रुव ने किया।

# मालनपुर थाना पुलिस ने 719 हाईवे पर अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों को दी हिदायत


**पहलवान सिंह राजावत**
**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**मालनपुर**

हाईवे के किनारे व्यवसाय एवं चार पहिये एवं दुकानदारों द्वारा रोड के किनारे अतिक्रमण करने वालों को एस डी ओ पी एवं थाना प्रभारी मालनपुर ने पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च निकालकर अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी और कहा कि रोड से अंदर की साइड दुकान लगाकर दुकानदारी करें जिससे की दुर्घटना कम हो एवं पार्किंग की अर्थव्यवस्था बनी रहे अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी फ्लैग मार्च मालनपुर थाने से लेकर हनुमान चौराह मनहार होटल तक निकाली ज्ञात रहे कि हनुमान चौराहे मालनपुर नेशनल हाईवे के किनारे दुकानें एवं टैक्सी लग जाने से रोड पर जाम लग जाता था जिससे आने जाने वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है और एक्सीडेंट की घटना होने का भी अंदेशा रहता है इस क्रम में आज एस डी ओ पी गोहद सौरभ कुमार थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे व एसआई बलवंत सिंह यादव प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला प्रधान आरक्षक कमल माहौर आरक्षक नवीन तोमर आरक्षक सोनू सिंह व समस्त पुलिस बल ने लोगों को बताया कि अगर ऐसा पाया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# दिनांक 25 दिसम्बर को भारत मना रहा भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती, अटल जी के सपनों का भारत

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** भारत के प्रथम कवि हृदय , भारत रत्न अटल जी का जन्म दिन है । हम ग्वालियर निवासियों के लिए तो गौरव की बात तो है ही, साथ ही यह दिन देश के उस प्रत्येक देश वासियों के लिए भी गर्व की बात है , जो भारत को विश्व का आदर्श और विश्व गुरु बनने की तीव्र इक्छा मन में रखते हैं । अटल जी एक मात्र ऐसे राज नेता थे, जो पक्ष-विपक्ष दोनों में समान रूप से लोकप्रिय, सर्वमान्य सर्व स्वीकार राजनेता थे ।



स्वतंत्र भारत के ।6 साल का संसदीय और राजनैतिक इतिहास इस बात का साक्षी है कि अटल जी चाहें संसद में बोलेंते या सार्वजनिक मंच पर, उनके राजनैतिक विरोधी भी उनको सुनने के लिए रूक जाते थे । उनके भाषण के बीच आने वाले हास्य परिहास पर मुस्कुराने पर ना चाहते हुए भी हस देते थे । राजनैतिक को भारतीय परम्परा और सांस्कृतिक मूल्यों की गरिमा और सम्मान दिलाने वाले अटल जी, अब तक के एक मात्र राजनैतिक नेता थे और आज भी अटल जी इन्हीं आदर्शों के लिए याद किये जाते हैं जो भारतीय राजनीति भारत के लिए आदर्श और अनुकरणीय सेवा का पथ हुआ करती थी । आज इस देश में जिस प्रकार का प्रदूषित राजनैतिक वातावरण देश मैं बनाया जा रहा है कि जिसमें देश के प्रधानमंत्री जैसे प्रतिष्ठित पद पर बैठे व्यक्ति को कुत्ता तक कहने की निर्लज्जता की छिछोरी मानसिकता बन चुकी है । आज भारत की राजनीति को अब भारतीय ही नफरत और आशंका एवं अविश्वास की नज़रों से देख रहें है , उस घृणित और शर्मनाक दिनों में सर्वप्रिय आधुनिक भारत के लोकाभिरामं राजर्षि अटल जी बहुत याद आते हैं, और जब तक भारत है तब तक अटल जी को याद किया जाता रहेगा, इससे भी सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि भारत ही नहीं विश्व के इतिहास में अटल जी यादों के साथ साथ ग्वालियर भी भी याद किया जायेगा । आज अटल जी के सपनों का भारत बनाने के संकल्पों का दिन भी है । हमें याद रखना है कि अटल जी के सपनों का भारत अभी बनना शेष है और हम जिस दिशा में भारत को ले जा रहें है वह दिशा भारत की सनातन धर्मी परम्परा की दिशा है और जब तक हम इस भारत में उच्च नैतिक मूल्यों की राजनैतिक परम्परा की पुनर्स्थापना नहीं कर सकते है, तब तक हैं, तब तक अटल जी के सपनों का भारत बनना भी शेष है । नमन् भारत मांता की इस चंदन सी सुगंधित माटी को जिसकी ऊर्जावान धरा पर अटल जी जैसा राजपुत्र जन्मां ।

# अहिर यादव समाज का ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

अहीर अहीर यादव समाज युवा एवं महिला संगठन ब्लॉक लॉजी के तत्वाधान में ग्राम पोण्डी में चतुर्थ वर्ष ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे पोण्डी स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया। लगातार चौथा वर्ष अहीर यादव समाज के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पुर्व ग्राम बिंझलगांव, गोर्रे तथा चिखली में कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण राधा जी की प्रतिमा पूजन, आरती मंत्र जाप के साथ भक्तिमय वातावरण में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का स्वागत वंदन तत्पश्चात बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक नृत्यों से सभी अतिथियों का स्वागत वंदन कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। वहीं अहीर समाज के युवा सिंगर प्रदीप बघाड़े ने छत्तीसगढ़ी भजनों एवं अहिर लोकगीतों से कार्यक्रम में समा बांधा। लालबर्रा से आए मनोज यादव आकाशवाणी सिंगर जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों के परिवारों के दर्द को अपने संगीतमय नगमों से सजाया।

**इन छात्रों का किया सम्मान**-कार्यक्रम की अगली कड़ी में अहीर समाज लांजी के प्रतिभावान विद्यार्थि जिन्होंने कक्षा दसवीं तथा बारहवी में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए उन्हें समाज के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवम् शील्ड,मेडल से सम्मानित किया। जिसमें कक्षा 10वीं से कुलदीप बघाड़े, संदीप रक्षक, उमाशंकर करसायल, अजय रक्शे, प्रियंका करसायल,शीतल बघाड़ तथा कक्षा 12वीं में लक्ष्मी चौधरी, निकिता रावते, गौरी भाईसारे, मिनाक्षी यादव ऐसे कुल ग्यारह विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही बच्चों के द्वारा उनके संघर्षपूर्ण अनुभव को साझा करने हेतु मंच प्रदान किया गया। प्रतिष्ठित भारतीय संस्कृति की झलक अहीर नृत्यों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। ग्राम चिचोली एवम् पोंडी, बिंझलगांव के अहीर बंधुओं के अहिर नृत्यों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया।





**इनकी रहीं गरिमामई उपस्थिति**-इस कार्यक्रम मे बालाघाट जिले से जिला पदाधिकारी अमृतलाल यादव जिलाध्यक्ष, श्रीमति आरती यादव महिला जिलाध्यक्ष, श्रीमति संगीता यादव जिला सचिव, मतेश यादव युवा जिलाध्यक्ष, शिवशंकर यादव छात्र संघठन जिलाध्यक्ष, खूबलाल यादव जिला सचिव, गुलाब यादव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, मानिक यादव युवा जिला सचिव, राजेश यादव नगर उपाध्यक्ष एवं गोंदिया जिले से देवकीशन यादव जिलाध्यक्ष, लता बघाड़े महिला जिलाध्यक्ष, गोपाल नेवरा आजीवन संरक्षक, दुलीचंद यादव आजीवन संरक्षक, घनश्याम यादव जिला सचिव, ईश्वर बघाड़े, सालिकराम रक्शे, मनोज यादव ब्लॉक अध्यक्ष लालबर्रा, कृष्ण कुमार लरहे ब्लॉक सचिव लालबर्रा, ओमलाल सोनवाने ब्लॉक अध्यक्ष आमगांव, जगदीश करसायल ब्लॉक आमगांव - सालेकसा, दशरथ करसायल संगठन उपयंत्री ब्लॉक आमगांव, प्रेमलाल बघेले ब्लॉक अध्यक्ष सालेकसा, जुगदेव यादव ब्लॉक अध्यक्ष गड़ी, परमेश्वरी यादव ब्लॉक अध्यक्ष गड़ी तथा ब्लॉक लाँजी से कुशलाल करसायल संगठन मंत्री, रोशन यादव ब्लॉक अध्यक्ष, शिव बघाड़े कार्यवाहक अध्यक्ष, देवेंद्र बघाड़े उपाध्यक्ष, सुनील राऊत कार्यवाहक उपाध्यक्ष, सुनील बघाड़े सचिव, नवीन भास्कर सहसचिव, ईश्वर राऊत सह कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र करसायल मिडिया प्रभारी, श्रीमति मीना सोनवाने ब्लॉक अध्यक्ष, श्रीमति अनुशया यादव उपाध्यक्ष, श्रीमति रीना यादव सचिव, श्रीमति अनीता भाईसारे सहसचिव, श्रीमति लक्ष्मी बघाड़े कोषाध्यक्ष, श्रीमति कुसुम राऊत कोषाध्यक्ष, ब्लॉक लाँजी संरक्षक निकेश करसायल, नरेश बघेले, मुकेश बघाड़े, दुर्योधन बघेले, महेश यदुवंशी, मिथुन सोनवाने, तुलसी बघाड़े, अजय रक्शे, पवन भास्कर (शि.)पंकज बैस (शि.) श्रीमति धनेशवरी बघाड़े, सुनीता बघाड़े, सत्यवती करसायल, अनीता बघाड़े, गं भा. कचरा यदुवंशी, मार्गदर्शक संतोष बैस सचिव, गणेश यादव शि., रोशन राऊत शि., सुबेलाल रक्शे, झनल बघाड़े, संतोष यादव सरपंच ग्रा. पं. कोचेवाही, ब्लॉक सदस्य रामकिशोर बघाड़े, नंदकिशोर करसायल, अजय सोनवाने, तुलसीराम यादव, ईश्वरचरण नागेश्वर, सुजीत सहारे, रमेश रक्शे, हुलासराम रक्शे, लक्ष्मीचंद करसायल, अमरचंद करसायल, दालचंद करसायल, कमलचंद करायत, अरविन्द सोनवाने एवं लगभग 2500 स्वजातीय लोगों का जन सैलाब सम्मान समारोह में उपस्थित रहा।

## हिंदू सनातनी पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द कृष्ण शास्त्री को राष्ट्रीय संत व राजकीय अतिथि का दर्जा दिए जाने की मांग

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं गरीबो के मसीहा धर्म के प्रति अपना अटूट विश्वास रखने वाले मुख्यमंत्री से एडवोकेट मनोज सेन डिम्पल ने मांग की हैं कि मध्यप्रदेश की पावन धरती पर दो महान संत पं. प्रदीप मिश्रा कुबरेश्वर धाम सीहोर एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वरधाम गढा जिला छतरपुर पूरे देश एवं विदेश में धार्मिक वातावरण बनाकर लोगो को धर्म की माला में जोडने का प्रयास कर रहे है, लोगो की समस्याओं का निवारण कर रहे है ऐसे संतो का मप्र की धरती से नाम जुडा होना बहुत ही सौभाग्य की बात हैं। समस्त शिवभक्त व रामभक्तो से निवेदन करते हैं कि प्रदेश सरकार और आप भगवान स्वरूप ऐसे पावन संतो को राष्ट्रीय संत एवं राजकीय अतिथि का दर्जा देने की कृपा करें। प्रदेश के ये दोनो संत निरंतर ही लोगो को धर्म की धारा में जोडने का प्रयास करते रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालो में डिम्पल सेन, मुकेश पांडे उपाध्यक्ष, गनेश सिंह राजपूत, दिलीप सिंह ठाकुर, राहुल यादव, किशोरी लाल ताम्रकार, अजय बाजपेयी, कैलाश सोनी, वीरेन्द्र दबे, लखन चौराहा, जीपी पटैल, नंदकिशोर नेमा, सुधीर दुबे, राकेश प्रजापति, राजकुमार सेन, अवधेश दुबे, धर्मेन्द्र चौबे, प्रकाश शर्मा, मनीष नगाइच, रविकांत ठाकुर, कपिल सिंह हजारी, राहुल श्रीवास्तव, कमलेश बडगैया, संजय खरे, राहुल रैकवार की उपस्थिति रही।





# दृढ़ संकल्प व और कड़ी मेहनत से मिलती है सफलताः कौशल

## शाकम्बरी सेवा संस्थान के सदस्यों को हुआ सम्मान, कर्मचारी प्रकोष्ठ मरार पटेल महासंघ ने किया सम्मान

**छुरा**/छत्तीसगड़ प्रदेश मरार महासंघ कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 25 दिसम्बर रविवार को कालीबाड़ी चौक रायपुर स्थित रविन्द्र मंच, बंगाली काली बाड़ी समिति में आयोजित की गई थी। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर द्वय जागेश्वर कौशल और गौतमचंद पाटिल, महासंघ प्रदेशाध्यक्ष देवचरण पटेल के अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि शिक्षा, समाज सेवा, रक्तदान, कृषकों एवं समाज के मीडिया प्रतिनिधियों के साथा-साथ उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज के गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान मंच के माध्यम से किया गया है। छत्तीसगड़ प्रदेश भर के मरार पटेल समाज के 450 से अधिक 10वीं एवं 12वीं सहित विश्वविद्यालयों खिलाड़ियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक जनों समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्याथियों को सम्मानित किया गया। रक्तदान एवं समाज सेवा करने वाले छुरा निवासी श्री मनोज पटेल एवं शांकम्बरी सेवा संस्थान के संस्थापक सदस्य यशवंत कुमार पटेल बिजली, हरीश पटेल जरवाय पाटन, प्रकाश



कुमार पटेल मुनगाशेर, श्री गुलशन पटेल राजनांदगांव, श्री नरेन्द्र पटेल बकतरा का भी सम्मान किया गया। तथा उक्त अवसर पर महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी यशवंत पटेल, भुवन पटेल मोती पटेल, का भी कर्मचारी प्रकोष्ट के तत्वाधान में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने संबोधित करते हुए कहा कि दृड़ संकल्प व और कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है, समाज के बच्चों को शिक्षा के साथ साथ रोजगारपरख कोर्स भी कराये जिससे वें अपने बल पर रोजगार प्राप्त कर नये आयम को छु सके उन्होंने आगे कहा कि समाज के बच्चों को समय-समय पर करियर मार्गदर्शन के साथ कोचिंग की भी व्यवस्था की जायेगी। डिप्टी कलेक्टर गौतमचंद पाटिल ने कहा प्रयास हर कोई करते हैं पर कोई सफल होते हैं, कोई असफल इसके लिए युवाओं को निराश नहीं होना चाहिए। ईश्वर ने हर व्यक्ति में कुछ न कुछ विशेष गुण दिए हैं। इसलिए सदैव प्रयास करते रहना चाहिए सफलता जरूर मिलती है। विशिष्ट अतिथि शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा समाज की प्रतिभाओं को चिन्हित व संकलित कर प्रदेश स्तर पर आयोजन की उन्मुक्त कंठ से सराहना करते हुए इस शिक्षा सत्र में कक्षा दसवीं बारहवीं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को दस दस हजार रुपए नगद राशि से सम्मानित करने की घोषणा किये।

# भाजपा नगरीय निकाय पार्षदों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## अपनत्व का भाव के संकल्प को लेकर अपने बूथ को 51त्न वोट बढ़ाने के लिए कार्य करें यही भाजपा का लक्ष्य : वेद प्रकाश शर्मा, योजनाओं को लेकर अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी के साथ नगरीय निकाय क्षेत्र को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारासे जुड़े : सांसद संध्या राय, संगठनात्मक विषय पर वक्ता 5 सत्रों में संगठनात्मक विषय पर पार्षदों को दिया प्रशिक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा,




संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया के निर्देशन में भिंड जिले के तीन नगरपालिका और 9 नगर पार्षदों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सिटी पैलेस परिसर मैं आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रदेश द्वारा वक्ता गण 5 सत्रों में निर्वाचित पार्षदों को संगठनात्मक विषय पर प्रशिक्षण करेंगे ताकि उन्हें भाजपा के विचार सिद्धांत और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के मूल मंत्र मालूम हो सके यही भाव लेकर जनता के बीच जन सेवा भाव का कार्य करते हुए पार्षद अपने दायित्व का निर्वाह करेंगे।

नगरीय निकाय पार्षदों के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्गके उद्धाटन सत्र में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश शर्माने भाजपा विचार एवं हमारा समन्वय हमारी कार्यपद्धती वैसे को केंद्रित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय वादी विचारों को लेकर भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा ने काम किया है हमारे संगठन की पंच निष्ठा है मूल मंत्र है जिस भाव को लेकर हम कार्य कर रहे हैं पं दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद हमारा मूल्य दर्शन है। भाजपा की सरकारें यही भाव लेकर गरीब कल्याण के विकास के लिए काम कर रही हैं। राष्ट्रीय सर्वोपरि ही हमारा विचार है। उन्होंने कहा कि अपनत्व, समन्वय के साथ बूथ केंद्रों को सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी बनाने के लिए अपने अपने केंद्रों पर 51त्नवोट बढ़ाने के संकल्प को लेकर मजबूत बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि एकजुट और एकमुख के भाव को लेकर भाजपा की सुनामी को लेकर तूफान में बदलने के लिए नगरीय निकाय क्षेत्रों में काम करे। द्वितीय सत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय ने केंद्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाएं और अंत्योदय को करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार के योजनाओं को गरीब तक पहुंचाने के लिए सरकारी योजनाओं को संचालित कर रही है जो अंतिम छोर के व्यक्ति को आगे की पंक्ति में खड़ा करने के लिए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा से लाभांवित हितग्राहियों को कर रही है उन्होंने कहा आयुष्मान भारत कार्ड,महिलाओं के लिए उज्जवला योजना प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अटल ज्योति योजनाओं को पर पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। नवनिर्वाचित पार्षद केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को सर्व समाज तक ले जाएं और उन्हें लाभ दिलाएं। विधायक संजीव सिंह संजू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी से नवनिर्वाचित पार्षद जनता की जन सेवा के लिए निष्पक्ष पराकाष्ठा के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को हर वार्ड में ले जाएं। नगरीय निकाय पार्षदों के प्रशिक्षण शिविर के जिला प्रभारी धीर सिंह भदौरिया एवं शहर प्रभारी जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रशिक्षण सुबह 10ऱ30 से प्रारंभ होकर शाम तक आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया



सांसद श्रीमती संध्या राय,पार्टी प्रदेश मंत्री केशव सिंह भदौरिया,मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ रमेश दुबे संजीव कांकर,नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा बाल्मिक,रमेश दुबे संजीव का घर और प्रदेश शैलेंद्र बरुआ,भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट,पूर्व जिला अध्यक्ष रविसेन जैन, मधुसूदन सिंह भदौरिया सहित कई वक्तागण उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। उन्होंने बताया की पार्षदों के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संगठनात्मक विषय भाजपा विचार, कार्यपद्धती एवं हमारा समंवय,लोक व्यवहार,भाजपा सरकारों की कल्याणकारी योजनाएं अंतोदय से नागरोदय बढ़ता भारत बढ़ता, बढ़ता मध्य प्रदेश केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं विकास परक उपलब्धियों,सोशल मीडिया एवं मीडिया की भूमिका के विषय पर पार्षदों को मार्गदर्शक प्रदेश से वक्तागण किया।

# श्री केसरीनंदन मेडिकल बिसोनी में मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन शिविर संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**




महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा 26 दिसंबर को श्री केसरीनंदन मेडिकल स्टोर्स बिसोनी में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे विशेष सहयोगी लीलाराम नागमारे, विशाल सोनी का पूर्ण सहयोग प्राप्त

हुआ। महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल ने बताया कि शिविर में बिसोनी, लांजी, निमटोला, सोगलपुर, कटंगी, अमेडा पा के ग्रामीण जनों ने सेवा का लाभ लिया , जिसमें 85 लोगों का पंजीयन किया गया तथा 31 मरीज मोतियाबिंद चयनित हुए। निशुल्क



मोतियाबिंद की जांच एवं परामर्श में संस्था के प्रशिक्षक डॉ कर्मवीर सिंह, डॉ अरशद खान के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं उनके स्वास्थ्य की जांच निशुल्क बीपी शुगर तथा संबंधित रोगों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिसमें विशाल राउत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर चेयरमेन लांजी, लीलाराम नागमारे, विशाल सोनी, भूपेश करहि, मेहफूज खान, नईम खान, नंदकिशोर बिलावर, फणीन्द्र दुरुगकर, अतुल बिलावर, राधेश्याम नखाते उपसरपंच लाडसा, पवन खरखाते, रूपेश नखाते एवं समस्त स्थानिय जन तथा महावीर इंटरनेशनल लांजी के अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# पोलिंग बूथ तक पहुंचेगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान : मान सिंह कुशवाहा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 26 जनवरी 2023 से शुरू हो रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारियों को लेकर गोरमी मेहगांव ब्लॉक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया उसमें जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा अब समय आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानने का है और भाजपा सरकार में रोटी कपड़ा और मकान पर टैक्स लगाने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया गया है इससे यह बात साबित होती है यह सरकार किसान नौजवान व्यापारी विरोधी सरकार है। इस भाजपा सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है और सरकार का ध्यान बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगा हुआ है कांग्रेश के कार्यकर्ता एकजुट होकर घर घर पहुंच कर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से कांग्रेस की रीति नीति व कमलनाथ सरकार में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है इसी क्रम में वरिष्ठ नेता राहुल भदौरिया,रणजीत सिंह गुर्जर,बृजेंद्र सिंह कल्लू भारौली ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में आभार व्यक्त गोरमी नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश्वरी जाटव द्वारा तथा कार्यक्रम का आयोजन गोरमी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजीव करैया व मेहगांव में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र गुड्डू नरवरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र राजोरिया द्वारा किया गया,इसी क्रम में प्रेम सिंह सखवार,जगत सिंह यादव, लायक सिंह गुर्जर,हरिओम कटारे, जबर सिंह कुशवाह,अभिषेक मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

**राहुल यादव बने नगर कांग्रेस कमेटी गोरमी के नगर अध्यक्ष**-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष संजीव करैया की अनुशंसा पर बैठक में सभी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के समन्वय से पार्टी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा द्वारा राहुल यादव को नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने पर माला पहनाकर शुभकामनाएं दी और कहा आज से ही आगामी 2023 की तैयारियों को लेकर पार्टी की रीति नीति के साथ आमजन के बीच जुट जाएं नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा पार्टी ने हमें जो जिम्मेदारी दी है उस पर पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करने का काम करुगा।

# बिसोनी में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बिसोनी न्यू क्रिकेट क्लब क्षेत्रीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 दिसंबर को मृदा प्रिरक्षण कृषि केन्द्र ग्राउंड कालीमाटी में मुख्य अथिति विजय वारे सरपंच प्रतिनिधि, विजय कुमार कुचलाहे अध्यक्ष हरदेव लोधी समाज संगठन लांजी, पवन कश्यप ( पत्रकार ) उपसरपंच, रितेश कटरे पत्रकार, देवचंद कुचलाहे एवं ग्रामीणों तथा खिलाड़ियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर फिता काटते हुए मैच का उद्घाटन किया गया। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 1000 रुपए, प्रथम पुरस्कार 15000 रूपए तथा द्वितीय पुरस्कार 7500 रुपए रखा गया है। उक्त मैच में फतरी एवं हाथ घुमाकर गेंद फेंकी जा सकती है। टीम के सदस्य केदार



बिल्हारे अध्यक्ष , सौरभ कुचलाहे उपाअध्यक्ष , सोनु उमरे कोषाध्यक्ष , शेखर कालबेले , दीपक बिल्हारे , डेविन करहि , दीपक कुचलाहे , खिलेश कारसर्पे , शानु बोरकर , गोलू बरगैया , कमलेश चन्देले, मोनू कलपुरे, विष्णु कुचलाहे, कृष्णा लोखन्डे , योगेन्द्र ब्रम्हपुरे, राजा, दिनेश विश्वकर्मा, पवन भण्डाकर, देवा भण्डाकर, ईशु नेवारे, शुभम धारणे, उज्जवल घोरमारे , पिंटु , कमलेश , दीपक , मोनु , राजकुमार आदि खिलाड़ियों ने क्षेत्र की सभी टीमों को आमंत्रित किया है। ट्राफी का पहला मैच टाइगर इलेवन एवं लायन इलेवन के बिच खेला गया जिसमें लायन इलेवन ने निर्धारित 8 ओवरों में 57 रन का स्कोर खड़ा किया, जवाब में टाइगर इलेवन ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 8 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य का पिछा कर लायन इलेवन को मात दी। इस तरह से टाइगर इलेवन बिसोनी ने पहला मैच अपने नाम किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर आज नगर सेवड़ा में अटल सेवा

**साइकिल यात्रा संपन्न**
**पुष्पांजली टुडे**

सेबड़ा । पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती पर श्री श्री 1008 पूज्य नंदकिशोर शरण जी महाराज के सानिध्य में संकुआ धाम से जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कालीचरण कुशवाह, विशिष्ट अतिथि सेवड़ा एसडीएम अनुराग निगवाल, बंटी राजपूत पूर्व मंडी अध्यक्ष सेवड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविंद नागिल एवं कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी श्यामू ठाकुर उप संयोजक राहुल चौरसिया के द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा प्रारंभ की जो सेवड़ा सनकुआ घाट से प्रारंभ होकर स्टेडियम प्रांगण में संपन्न हुई बता दें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर वक्ताओं के द्वारा क्रम बाइ क्रम उद्बोधन देकर अटल जी को याद किया गया बड़ी बात मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कालीचरण कुशवाहा के द्वारा सेवड़ा स्टेडियम प्रांगण के लिए 21000 की राशि डेंटिंग पेंटिंग के लिए घोषित की गई इस दौरान राम गोपाल साहू,वरिष्ठ समाजसेवी उत्तम शर्मा राजेंद्र पाराशर पूर्व प्राचार्य सेवड़ा उत्कृष्ट विद्यालय संजय शर्मा, डॉक्टर नीरज शर्मा राहुल चौरसिया सुनील सिंह राठौड़ राकेश बुधौलिया बबलू विश्वकर्मा पिंटू माली रामधनी शर्मा जानू मूर्तिकार राम प्रकाश यादव पंकज वर्मा अमित पाठक बबलू चौरसिया राम सिया कुशवाह जय दयाल बाथम हरि सिंह कुशवाह रघुवीर प्रजापति मंगल बाल्मिक मम्मी पटवा रघुवीर प्रजापति पिंटू विश्वकर्मा कमलेश प्रजापति अनुज गुप्ता सुनील गुप्ता रिंकू जाटव कल्लू रावत हरनाम जाटवआकाश शर्मा





संतराम झा मयंक झा मातादीन जाटव राज पटवा चना गुटी पटवा सहित सेवड़ा के गणमान्य नागरिक रहे मौजूद।

# बिंझलगांव में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

लांजी क्षेत्र के ग्राम बिंझलगांव में जेसीसी क्रिकेट क्लब द्वारा पंचायती टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ 26 दिसंबर दिन सोमवार को भरत कालबेले युवा समाजसेवी, रोशन दह्लेमाल सरपंच ग्राम पंचायत बिंझलगांव एवम ग्रामीणों के द्वारा पूजा अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 501 रुपए, प्रथम पुरस्कार 10 हजार एक रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 5 हजार एक रुपए रखा गया है। उपस्थित अतिथियों के द्वारा फीता काटा कर मैच प्रारंभ किया गया।

**खेल में अनुशासन जरूरी है: भरत कालबेले युवा समाजसेवी**-प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि भरत



कालबेले ने सर्वप्रथम इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी एवं कहां की कि हमारे देश में क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो खुले बड़े मैदान में बल्ले और गेंद से खेला जाता है, यह हमारे देश के सबसे ज्यादा प्रसिद्ध खेलों में से एक है, खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए एवं खेल में अनुशासन जरूरी है। इस खेल को अनुशासित एवं नियमित रूप से खेले। इस देश में ऐसे कई टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं सीपीएल और आईपीएल जैसे टूर्नामेंट के माध्यम से अच्छा खेलकर अपना कैरियर बनाया जा सकता है। प्रतियोंगिता उद्घाटन के दौरान रंजीत धनवले कप्तान, विक्की धनवले, निखिल मिसारे, अक्षय कार एवम प्रतियोगिता उद्घाटन की दोनो टीम बोरी एवम बिंझलगाव उपस्थित रही ।

# अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ है बड़ी आबादी

योगेश कुमार गोयल

अनिल ने सही समय पर अपना बिजली का बिल जमा करा दिया किन्तु फिर भी विभाग ने बिजली कनैक्शन काट दिया। राकेश के साथ जोखिम अवधि के दौरान ही दुर्घटना होने पर भी बीमा कम्पनी क्लेम का भुगतान नहीं कर रही। रमेश ने बाजार से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद सिर्फ दो महीने बाद ही पंखा खराब होने पर भी दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी कर रहा है। एस.आर. मेहता ने ट्रेन में रिजर्वेशन कराया लेकिन आरक्षण के बाद भी बर्थ नहीं मिली। सीमा चोपड़ा का फोन कई महीनों से खराब पड़ा है पर विभाग फोन ठीक कराने के बजाय बिल लगातार भेज रहा है और बिलों के भुगतान के लिए बाध्य करता है। संगीता ने बाजार से मिर्च का पैकेट खरीदा पैकेट खोला तो मिर्च में फफूंद लगी थी लेकिन दुकानदार पैकेट बदलने को तैयार नहीं। जीवन में इस तरह की छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना हम सभी को कभी न कभी करना ही पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग ऐसे मामलों में मन ही मन कुढ़ते तो रहते हैं और दूसरों के सामने बड़बड़ाकर अपने दिल की भड़ास भी निकाल लेते हैं पर अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका एक कारण यह भी है कि हमारे देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है लेकिन जो शिक्षित लोग हैं वे भी प्रायः अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं किन्तु अब जमाना बदल गया है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। प्रायः कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते जबकि शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु सेवा अथवा उत्पाद खरीदें उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें।

बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 अस्तित्व में आया है तब से न केवल उपभोक्ताओं को शीघ्र त्वरित व कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है बल्कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान भी अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करने के प्रति सचेत हुए हैं। भारत में उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने के लिए 24 दिसम्बर 1986 को 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986' लागू किया गया था इसीलिए 24 दिसम्बर को ही 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है। देश में इसकी शुरुआत वर्ष 2000 से हुई थी और इस दिवस को मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है ताकि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके और अगर वे धोखाधड़ी कालाबाजारी घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता अधिकारों को और सशक्त बनाने के लिए 2020 में 'कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019' भी लागू हो चुका है। वैसे उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है। उपभोक्ता संरक्षण कानून का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि उपभोक्ताओं को उनकी इच्छा के अनुरूप उचित मूल्य गुणवत्ता शुद्धता मात्रा एवं मानकों में वस्तुएं उपलब्ध हों।

# ये हैं परमेश्वर रुपी गुरु

निर्मल रानी



हमारे देश में गुरुओं की महिमा व उनके महिमामंडन के तमाम क़िस्से प्राचीनकाल से मशहूर हैं। अनेक महापुरुषोंसंतों कवियों व लेखकों ने गुरुओं की शान में बहुत कुछ लिखा है। अनेक संतों कवियों की वाणियों में तो गुरु को परमेश्वर तुल्य तक बताया गया है। परन्तु यह भी सच है कि कलयुग के वर्तमान दौर में देश के कई नामी गिरामी स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु अपने काले कारनामों के कारण देश की विभिन्न जेलों में सज़ायाफ़्ता बलात्कारी या हत्यारे के रूप में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। और अनेक ऐसे भी हैं जो अपने भक्तों व अनुयायियों की अंधआस्था का भावनात्मक लाभ उठाते हुये उनका किसी न किसी बहाने आर्थिक शोषण करते रहते हैं। कोई स्वदेशी के नाम पर अपना वयवसायिक साम्राज्य स्थापित करने में लगा है तो कोई बीज मन्त्र बाँट रहा हैकोई किसी धर्मस्थान के निर्माण के नाम पर धन संग्रह करने में व्यस्त है तो कोई अपने शिष्यों व भक्तों से पैसे ऐंठ कर विदेशों के तीर्थ टूर संचालित करता रहता है। और बेचारे शिष्य हैं कि ऐसे गुरु घंटालों की संगत में ही उन्हें पुण्यमोक्ष या मुक्ति की मंज़िल नज़र आती है। वैसे भी कोई भी तथाकथित आध्यत्मिक गुरु अपने भक्तों व अनुयायियों को आशीर्वाद के अतिरिक्त और दे भी क्या सकता है ?

दूसरी तरफ़ स्कूल कॉलेज में शिक्षा दान करने वाला एक सांसारिक गुरु है जो किसी व्यक्ति को शिक्षित कर उसकी आगामी नस्लों तक को ज्ञान और धन सुख और समृद्धि की सौग़ात देता है। कलयुग के अनेक तथाकथित आध्यात्मिक धर्म गुरु नफ़रत के बीज बोते हैं अपने निजी लाभ हानि व पूर्वाग्रह के चलते राजनैतिक लोगों के पक्ष/विपक्ष में मतदान करने की अपील करते हैं भावनात्मक रूप से उन्हें उत्तेजित कर समाज में अशांति फैलाने का काम करते हैं। पिछले दिनों देश के एक प्रसिद्ध कथावाचक ने मध्य प्रदेश के बैतूल में लगभग एक सप्ताह तक लाखों लोगों को प्रवचन दिये। राज्य के सरकारी मंत्रियों व प्रशासनिक तंत्रों ने जिस प्रकार इस कथा के आयोजन में अपनी सक्रियता व दिलचस्पी दिखाई थी उसी से यह आभास होने लगा था कि यह गुरु महाराज राज्य सत्ता द्वारा दिये गये इस सहयोग व समर्थन का हक़ ज़रूर अदा करेंगे। और वैसा ही हुआ भी। गुरु श्री ने फ़रमाया कि सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिये हर घर से एक बेटा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ या बजरंग दल में ज़रूर भेजना चाहिये। उन्होंने स्कूली शिक्षा की आलोचना करते हुये इसे पैसा कमाने वाली शिक्षा देने और नौकर पैदा करने का केंद्र बताया जबकि गुरुकुल शिक्षा पद्धति को नौकर नहीं बल्कि राजा बनाने वाली शिक्षा का केंद्र बताया।

उक्त कथावाचक ने अपने प्रवचन के दौरान और भी कई विवादित बयान दिये जिसकी किसी वास्तविक गुरु से तो उम्मीद हरगिज़ नहीं की जा सकती। केवल कल्पना कीजिये कि यदि इनके सुझाव अनुसार स्कूल बंद कर दिये जायें और लोग अपने बच्चे पैदा कर किसी विशेष विचारधारा के संगठन या पार्टी को देने लगें तो इस देश की आर्थिक व सामाजिक व्यवस्था का क्या हश्र होगा। देश का हर शिक्षा प्रेमी देश में स्कूल व कॉलेज की कमी की बात करता हैदेश में ग़रीब बच्चों को पढ़ाई का समान अवसर मिल सके इसकेलिये सब को शिक्षा के समान अवसर व अधिकार की बात उठाई जाती है। परन्तु आश्चर्य है कि लाखों की भीड़ को संबोधित करने वाला गुरु कहता है कि विद्यालय नौकर पैदा करने व पैसा अर्जित करने का माध्यम मात्र है ? हर व्यक्ति धन कमाने के लिये इन कथावाचकों जैसे न तो धर्म ज्ञान रखता है न कला न सामर्थ्य। लिहाज़ा केवल शिक्षा ही हर व्यक्ति की रोज़ी रोटी का साधन भी है और यही देश की तरक़्क़ी का मार्ग भी दिखाती है। अब आइये कलयुग के इसी दौर में एक और गुरु की चर्चा कर स्वयं फ़ैसला करें कि वास्तव में गुरु घंटाल कहलाने का हक़दार कौन है और परमेश्वर तुल्य गुरु कहलाने का हक़दार कौन ? गत दिनों उड़ीसा के गंजाम ज़िले के एक ऐसे शिक्षक के बारे में पता चला जो एक कॉलेज में अतिथि शिक्षक (लेक्चरर ) है। इसके अतिरिक्त नागेषु पात्रो नामक यह 31 वर्षीय शिक्षक दिन में तो कॉलेज में एक लेक्चरर के रूप में अपना कर्तव्य निभाते हैं और रोज़ रात में अपने क़रीबी बेरहामपुर रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करते हैं। नागेषु पात्रो कुली का काम अपने व अपने परिवार का पेट भरने के लिये नहीं करते बल्कि चूंकि वह अन्य बच्चों को मुफ़्त शिक्षा देने के मक़सद से एक कोचिंग सेंटर भी चलाते हैं और उस निःशुल्क कोचिंग केंद्र में उन्होंने विज्ञानगणितअंग्रेज़ी आदि विषयों को पढ़ाने हेतु चार योग्य अध्यापक नियुक्त किये हैं जिनकी तन्ख़्वाह दस से 12 हज़ार रूपये प्रत्येक तक हैउसी वेतन के भुगतान के लिये पात्रो को कुली का काम करना पड़ता है। जबकि पात्रो खुद हिंदी और उड़िया विषय कॉलेज में भी पढ़ाते हैं और कोचिंग में भी फ़्री पढ़ाते हैं। भारत रत्न प्रो कलाम साहब कहते थे कि शिक्षकों से ज़्यादा से ज़्यादा शिक्षण कार्य लेने चाहिये और उन्हें अधिक से अधिक वेतन दिया जाना चाहिये।

## कोरोनाः तीसरी लहर से असहाय होता चीन

सुरेश हिन्दुस्थानी

पिछले दो साल से कोरोना का कहर झेल चुके कई देश अब तक पटरी पर नहीं आ सके थे उनके समक्ष फिर से कोरोना वायरस का खतरा दिखने लगा है। जिसकी शुरूआत अब तक अविश्वसनीय प्रमाणित हो चुके चीन से हो गई है। कोरोना की तीसरी लहर के चलते चीन की स्थिति ऐसी हो चुकी है जिसके सामने वहां की सरकार भी असहाय होती जा रही है। चीन में अकाल मौत की भयावहता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि वहां अंतिम संस्कार करने के लिए परिजन अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एक रिपोर्ट को मानें तो चीन में 80 करोड़ लोग इस संक्रमण का शिकार हो सकते हैं। अभी तक इस संक्रमण का घातक असर जिन देशों में हो रहा है उनमें चीन के अलावा जापान ब्राजील दक्षिण कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। जहां लगातार मौत के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हम यह भली भांति जानते हैं कि कोरोना संक्रमण की समस्या एक स्थायी अंतरराष्ट्रीय समस्या के रूप में स्थापित हो चुकी है। इसके लिए जहां एक ओर अनियमित खानपान को जिम्मेदार माना जा रहा है वहीं लोगों की लापरवाही भी एक कारण है। जहां तक भारत की बात है तो इसे स्वीकार करना ही होगा कि भारत सरकार ने कोरोना के मामले में दूरदर्शी उपचार किया है। भारत में सफल टीकाकरण के चलते इसका प्रभाव बहुत कम हो रहा है और विशेषज्ञों ने भी विश्वास व्यक्त किया है भविष्य में भी इसका प्रभाव अन्य देशों की अपेक्षा कम ही होगा लेकिन इसका आशय यह कतई नहीं है कि हम लापरवाह हो जाएं। लापरवाही समस्या को बढ़ाने का कार्य ही करती है। सरकार ने सावधानी बरतना प्रारंभ कर दिया है अब आम जनता की बारी है कि वह पूर्व की भांति ही सरकार का साथ देकर देश को बचाने का कार्य करें। कोरोना की द्वित्तीय लहर के दौरान वीभत्स दृश्य हमने देखे हैं जो लोग इस दौरान असमय काल के ग्राह्य बने थे उनमें से कई ऐसे थे जिनकी कमी कई परिवारों में खल रही है। वैश्विक धरातल पर कोरोना वायरस ने जो सबक दिया है उससे कई देश आज भी सबक लेने को तैयार नहीं है। अगर सबक लिया होता तो चीन में आज हालात नहीं बनते।

# साइबर क्राइम के 1.96 लाख मुकदमे सजा सिर्फ 2615 को

कहावत है लड़का सीखे नाई का सिर कटे गंवार का। यही हालत डिजिटल और ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से आम आदमी की हो रही है। डिजिटल तकनीकी के माध्यम से ऑनलाइन लेनदेन बैंकिंग सिस्टम सभी सरकारी सेवायें टेक्स इत्या?दि अ?निवार्य रुप से



ऑनलाईन शुरु ?किये गए हैं। डिजिटल सिक्योरिटी को लेकर सरकार और सेवा देने वाली कंप?नियां अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं कर पा रही हैं। उल्टे ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं जिससे लोगों की निजता खत्म हो रही है। आम आदमी की जीवन भर की जमा पूंजी एक ही झटके में गायब हो जाती है। कई दशकों की मेहनत एवं कारोबार को साइबर क्राइम करने वाले ठग एक ही झटके में लूट कर गायब हो जाते हैं। आम आदमी इस लूट से लगातार परेशान है। सरकार के कानों में जूं भी नहीं रेंग रही है।

पिछले वर्षों में सरकार ने कानून बनाकर हर आदमी के लिए ऑनलाइन लेनदेन एवं सेवायें लेना अनिवार्य कर दिया है। पिछले वर्षों में डिजिटल लेनदेन और डिजिटल कारोबार बढ़ने से अपराध के नए-नए तरीके ठग ईजाद कर रहे हैं। पुलिस और साइबर क्राइम इस ठगी को नहीं रोक पा रहे हैं। साइबर सिक्योरिटी को लेकर सरकार लापरवाह है। इस तरह की ठगी के मामले में ठगे गये व्यक्तियों को पुलिस और सरकार से कोई मदद नहीं मिल पाती है। संसद में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने जो जानकारी दी है। उसने सारी हकीकत को बयां कर दिया है। 2017 से लेकर 2021 के बीच 5 वर्षों में 196788 मामले साइबर क्राइम में दर्ज हुए। अभी तक अदालतों से 2615 मामलों में ही सजा हो पाई है। 2021 में साइबर क्राइम के जो अपराध पंजीकृत हुए हैं। उनकी संख्या 52974 पर पहुंच हो गई है। साइबर क्राइम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस और साइबर क्राइम के पास इन अपराधों से निपटने की तकनीकी भी नहीं है। सरकार ने अपराध रोकने के लिए कोई बड़े ट्रेनिंग प्रोग्राम नहीं चलाए। जब अपराध हो जाते हैं उसके बाद बड़े अपराधों पर पुलिस और क्राइम विभाग शोध शुरू करता है। कुछ मामलों को पकड़ पाता है और कुछ मामले तो आज तक पकड़ में ही नहीं आए। केंद्र एवं राज्य सरकारों ने साइबर क्राइम से निपटने के लिए ना तो अपने पुलिस स्टाफ को उसकी ट्रेनिंग दी। ना उस योग्य अधिकारी और कर्मचारी भर्ती किए गए। ना ही न्यायालयों में जजों को साइबर क्राइम से संबंधित अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। सब कुछ भारत में भगवान भरोसे है।

पिछले 5 सालों में देशभर मतें 1.96 लाख प्रकरण साइबर क्राइम ने दर्ज किए। न्यायालयों में कुल 40883 मामले में चार्ज सीट दाखिल की गई। पिछले 5 वर्षों में केवल 2615 मामलों में न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई। सबसे ज्यादा 42593 प्रकरण उत्तर प्रदेश में दायर हुए।

# विश्व फुटबॉल में भारत की नाक ऊंची कैसे हो?

खाड़ी देश कतर में लगभग एक महीने चला विश्व फुटबॉल मेला (फीफा)समाप्त हो चुका है जिसमें अंततः अर्जेंटीना ने फ्रांस को फाइनल मैच में मात दी और अर्जेंटीना के खिलाड़ी भारत के भी घर घर के आइकॉन बन गए। अब विश्व ट्रॉफी की यह भिड़ंत 2026 में फिर अमेरिकाकनाडा और मेक्सिको जैसे तीन देशों में होगी। इस बार उक्त ट्रॉफी के लगभग सभी मुकाबले देखने के लिए भारत के टीवी दर्शकों में कुछ ऐसा उत्साह देखा गया जिसे उन्माद भी कहा जा सकता है जबकि भारत की टीम इस टूर्नामेंट के लिए 1950 के बाद कभी क्वालीफाई ही नहीं कर पाई। उस साल ब्राजील में उक्त महामुकाबला हुआ था लेकिन तब भी भारत की टीम उसमें इसलिए भाग नहीं ले पाई कि भारतीय फुटबॉलर्स के पास फीफा के नियमों के अनुसार खेलने के जूते ही नहीं थे। उस वक्त की सरकार ने भी टीम की मदद करने में कोई रुचि नहीं दिखाई थी। इसी अनदेखी का दुष्परिणाम यह हुआ कि सालों से भारत फुटबॉल की विश्व रैंकिंग में 100वें क्रम के बाद आता है। सवाल है कि फुटबॉल के प्रति लगातार बढ़ रही उक्त दीवानगी के बावजूद इस खेल की देश की इतनी सोचनीय हालत क्यों है। स्पोर्ट्स के कुछ जानकार स्पष्ट रूप से कहते हैं कि भारत में औपनिवेशिक खेल क्रिकेट को देश का धर्म बना लिया गया है और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर सुनील गावस्कर कपिल देवविराट कोहली को उसका भगवान बना दिया गया है। बेशक क्रिकेट ने देश में नई खेल संस्कृति विकसित की है। इसी के अंतर्गत हॉकी के विकास के लिए खेलो इंडिया की नीति वर्तमान सरकार ने ही कभी बनाई थी लेकिन देश के कुछ बड़े शहरों में हॉकी के मैदान कूड़ा-कचरा घर बन कर गए हैं। जान लें कि कभी इन्हीं मैदानो से निकले हुए खिलाड़ियों ने भारत को हॉकी का ओलिंपिक कप दिलवाया था। अब ऐसे अधिकांश शहरों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी फुटपाथों पर नवातुंगों को प्रशिक्षण देने को मजबूर हैं।ओडिसा में तो बाकायदा जगह-जगह हॉकी की एकेडमीज से निकलकर खिलाड़ी ओलिपंक में खेलते हैं लेकिन पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में मोहन बगान के अलावा कुछ अन्य क्लब ऐसे हैं जहां फुटबॉल भी एक धर्म है। वहीं कभी इस खेल के किंवदंती पुरुष पेले (ब्राजील) कुछ समय के लिए मैदान में उतरे भी थे। कोलकाता में ही घोषता पाल नामक इंडियन फुटबॉलर की विशाल प्रतिमा भी लगी है जिसकी जोड़ की कोई प्रतिमा अन्य शहर में तो किसी अन्य फुटबॉल खिलाड़ी की नहीं है। पाल 1920 से 30 तक पैरों का जादू मैदानो में दिखाते रहे। वे सिर्फ बरसात के दिनों में फुटबॉल के जूते उपयोग में लाते थे। बाकी मौसमों में इसलिए नंगे पैर ग्राउंड में उतर जाते थे क्योंकि फुटबाल किसी भी मौसम में खासकर भारत में नंगे पैर खेला जा सकता था और जूतों की अन्य मौसम में खास जरूरत नहीं पड़ती थी। ब्राजील महामुकाबले के वक्त 1950 में जब भारतीय टीम फीफा के लिए क्वालीफाई कर गई थी लेकिन भाग नहीं ले सकी थी तब भारतीय टीम के तत्कालीन कप्तान शैलेंद्र नाथ मन्ना ने यहां तक कह डाला था कि यदि हमें फीफा टूर्नामेंट में खेलने को मिल जाता तो भविष्य में फुटबॉल के मामले में भारत की नाक बहुत ऊंची होती।

# आम जिंदगी में महसूस हो सुशासन

मुस्ताअली बोहरा

भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को है। उनकी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाती है। सुशासन दिवस मनाने का मकसद है कि लोग ये जान सके कि सरकार के कर्तव्य और जवाबदेही क्या है। सुशासन का तात्पर्य ये भी है कि लोग अपने हितों की रक्षा करते हुए सरकार को निष्पक्ष रूप से विकासोन्मुखी काम करने के लिए प्रेरित करें। सुशासन की दिशा में कार्य करते हुए सरकार ने शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की कोशिश की। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना लागू की गई है जिसका मकसद स्थानीय स्तर पर लोगों की दैनांदिनी जरूरतों को उपलब्ध कराना है। सूचना के अधिकार के तहत कार्यों की जानकारी दी जाती है और निगरानी रखी जाती है। साथ ही पात्र व्यक्तियों को तय समयसीमा में सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाता है। ऐसा नहीं है कि सुशासन की अवधारणा पूरी तरह फलीभूत हो गई है बल्कि अभी और भी चुनौतियां हैं जिन्हें दूर किया जाना जरूरी है। मसलन कमजोर तबके के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ अंतिम हितग्राही तक पहुंचना बाकी है महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार पर अभी तक पूरी तरह लगाम नहीं लगा है। चाहे केन्द्र सरकार हो या फिर राज्य सरकार महज बजट आबंटन ही सब कुछ नहीं होता बल्कि उस बजट का सहीं उपयोग माकूल प्रबंधन भी विकासोन्मुखी योजनाओं और कार्यों के लिए जरूरी होता है। इसके अलावा राजनीति में अपराधीकरण को रोकना निहायत जरूरी है। वैसे तो शिक्षा स्वास्थ्य तकनीक ऊर्जा कृषि उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों में भी देश ने खासी तरक्की की है लेकिन विश्व गुरू के तौर पर खुद को स्थापित करने के लिए अभी और प्रयासों की जरूरत है।

यहां ये सवाल भी जहन में आ सकता है कि आखिर सरकार को सुशासन दिवस मनाने की जरूरत क्यों पड़ी। दरअसल सरकार योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर सके और आम जन के प्रति जवाबदेह हो यही बताने के लिए सुशासन दिवस मनाने की परंपरा शुरू की गई है। जाहिर है समाज के चौमुखी विकास देश की उन्नति के लिए सुशासन की ही आवश्यकता है। वैसे यहां ये भी कहना लाजमी होगा कि सुशासन का सरोकार केवल सरकार से ही नहीं है अपितु सुशासन या बेहतर शासन तभी संभव है जब इसमें आम जन की भी भागीदारी हो। जिस तरह हम सरकार से बेहतर सेवाओं और बुनियादी जरूरतों को मुहैया कराने की उम्मीद रखते हैं वैसे ही आम आदमी के भी कुछ दायित्व हैं। जब हर व्यक्ति अपने दायित्वों का बोध करते हुए समाज के विकास में अपनी भूमिका अदा करेगा तब सुराज की स्थापना हो सकेगी।



पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न प्रखर वक्ता कवि साहित्यकार पत्रकार और प्रखर राजनीतिज्ञ अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि नैतिक रूप से सशक्त सरकार ही सुशासन दे सकती है। देश वर्तमान में कितना सुशासन की दिशा में आगे बढ़ा है ये और बात है लेकिन तमाम चुनौतियों के बीच क्या सिर्फ एक दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाने से सुशासन आ जाएगा ये चिंतनीय है। अटल बिहारी वाजपेयी ने बतौर प्रधानमंत्री शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार पेयजल परिवहन सहित अन्य क्षेत्रों में ऐसे कई निर्णय लिए जिन्हें सुशासन के प्रतीक के तौर पर माना जा सकता है। जैसे संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना सर्वशिक्षा अभियान अंत्योदय अन्न योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और स्वर्णिम चर्तुभुज योजना नदी जोड़ो योजना आदि। अटल सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश घोषित कर दिया। उनके इस कदम ने भारत को निर्विवाद रूप से एक सुदृढ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया। सौ वर्ष से भी ज्यादा पुराने कावेरी जल विवाद को सुलझाया। संरचनात्मक ढाँचे के लिये कार्यदल सॉफ्टवेयर विकास के लिये सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यदल विद्युतीकरण में गति लाने के लिये केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग आदि का गठन किया। राष्ट्रीय राजमार्गों एवं हवाई अड्डों का विकास नई टेलीकॉम नीति तथा कोकण रेलवे की शुरुआत करके बुनियादी संरचनात्मक ढाँचे को मजबूत करने वाले कदम उठाये। राष्ट्रीय सुरक्षा समिति आर्थिक सलाह समिति व्यापार एवं उद्योग समिति भी गठित कीं। उड़ीसा के सर्वाधिक निर्धन क्षेत्र के लिये सात सूत्रीय निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रम शुरू किया। आवास निर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए अर्बन सीलिंग एक्ट समाप्त किया। ग्रामीण रोजगार सृजन एवं विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों के लिये बीमा योजना शुरू की। उनके कामों और योगदान की फेहरिस्त खासी लंबी है। उनकी कई योजनाओं को बाद में आई गैर भाजपाई सरकार ने भी अमल में लाया।

अटल जी की दूरंदेशी से वाकिफ वर्तमान केन्द्र सरकार ने भी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए कई नवाचार किए हैं। वर्तमान केन्द्र सरकार ने ब्रितानिया हुकुमत के जमाने से चले आ रहे कई गैरजरूरी कानूनों को संशोधित या खत्म किया है। आतंकवाद से निपटने के लिए सशक्त कार्ययोजना बनाकर नकेल लगाने की कोशिश की है। भ्रष्टाचार से निपटने के लिए सूचना का अधिकार ई टेंडरिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। शिक्षा विज्ञान स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्रों में लगातार प्रगति हो रही है। हालांकि शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार आदि क्षेत्रों में अभी बहुत काम करना बाकी है। कुल मिलाकर आम आदमी जब अपनी जिंदगी में सुशासन महसूस कर सकेगा तभी वाजपेयी जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाना सार्थक होगा। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया। आपने वर्ष 1947 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समाचार पत्रों के लिये एक पत्रकार के रूप में काम करना शुरू किया। आपने राष्ट्रधर्म पांचजन्य और दैनिक समाचार पत्रों-स्वदेश और वीर अर्जुन में काम किया। बाद में श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रभावित होकर वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ में शामिल हो गए। 1993 में कानपुर विश्वविद्यालय में डी लिट 1994 में लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 2015 में आपको मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय से डी लिट और 2015 में बांग्लादेश सरकार द्वारा फ्रेंडस ऑफ बांग्लादेश लिबरेशन वार अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्री वाजपेयी को वर्ष 1994 में सर्वश्रेष्ठ सांसद के रूप में पंडित गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## अपने अंदर रहना ही ध्यान

जब हम दुखी होते हैं तो लगता है समय बहुत लम्बा है। जब प्रसन्न होते हैं तो समय का अनुभव नहीं होता है। तो प्रसन्नता या आनन्द क्या है? यह हमारी स्वयं की आत्मा है। यही आत्मतत्व शिव तत्व है या शिव का सिद्धांत है। प्राय- हम जब भगवान की बात करते हैं तो प्रत्येक व्यक्ति तुरन्त ऊपर की ओर देखता है। पर ऊपर कुछ नहीं है। प्रत्येक वस्तु हमारे अन्दर है। अन्दर की तरफ देखना या अपने अन्दर रहना ही ध्यान है। जब तुम अपने किसी नजदीकी व्यक्ति अपने मित्र या किसी अन्य की तरफ देखते हो तो तुम्हें क्या लगता है? तुम्हारे अन्दर कुछ-कुछ होता है। तुम्हें ऐसा अनुभव होता है कि कोई नई ऊर्जा तुम्हारे अन्दर से होकर प्रवाहित हो रही है। उन महान क्षणों को पकड़ो। यह वही महान क्षण हैं जो समयशून्य क्षण होते हैं। ईश्वर ने तुमको दुनिया में सभी छोटे-मोटे सुख व आनन्द दिया है लेकिन चरम आनन्द अपने पास रखा है। उस चरम आनन्द को प्राप्त करने के लिए तुम्हें उस ईश्वर और केवल ईश्वर के पास ही जाना होगा। अपने प्रयासों में निष्ठा रखो। जब तुम इस चरम आनन्द को प्राप्त करते हो तो बाकी प्रत्येक वस्तुएं आनन्दमय हो जाती हैं। ईश्वर को अच्छा समय दो इससे तुम पुरस्कृत होगे। यदि तुम्हारी प्रार्थना स्वीकार नहीं होती तो इसका मतलब है कि तुमने ईश्वर को अच्छा समय नहीं दिया है। सत्संग और ध्यान को अपनी सबसे ऊंची प्राथमिकता दो। भगवान को सबसे महत्त्वपूर्ण समय दो। इसका तुम्हें अवश्य ही अच्छा पुरस्कार मिलेगा। जब तुम भगवान से कोई वरदान प्राप्त करने की शीघ्रता में नहीं हो तब तुम्हें यह अनुभव होगा कि भगवान तुम्हारा है।



# मप्र और महाराष्ट्र के राज्यपालों की उपस्थिति में अमरावती में हुई सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक

## बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं एसपी समीर सौरभ हुए शामिल

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

24 दिसंबर को महाराष्ट्र राज्य के अमरावती में डॉ पंजाबराव देशमुख विदर्भ प्रशासनिक एवं विकास प्रशिक्षण प्रबोधिनी में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी की उपस्थिति में दोनों राज्यों के सीमावर्ती जिलों मध्यप्रदेश के बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा एवं महाराष्ट्र के अमरावती, नागपुर, भंडारा, गोंदिया, बुलढाणा जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि सीमावर्ती जिलों की समस्याओं के समाधान के लिए दोनों पक्षों के प्रशासन के बीच आपसी चर्चा जरूरी है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सुझाव के अनुसार इस बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जो समस्या राज्य स्तर पर हल करने लायक होगी उसे हल करने के लिए दोनों राज्यों के अधिकारी चर्चा कर राज्य शासन को सूचित करेंगें और इसी तरह की समन्वय बैठक में उसका हल निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि आपदा के साथ-साथ बाढ़ की स्थिति आदि के समय में एक दूसरे से पूर्व चेतावनी प्राप्त करना आवश्यक है। हर जिले को ऐसी समन्वय व्यवस्था लागू करनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि बालाघाट, गोंदिया, भंडारा जिलों में समन्वय कर सारस संरक्षण गतिविधियों जैसी कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लागू किया जा सकता है। महाराष्ट्र




के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने बैठक में कहा कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों के सभी जिलों में स्थानीय प्रशासन का अच्छा आपसी समन्वय है। उन्होंने इसे विस्तृत और सुदृढ़ करने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के सीमा मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाना चाहिए। इसके लिए लगातार आपसी तालमेल बनाए रखना चाहिए। स्थानीय स्तर पर बाढ़ की स्थिति और सिंचाई परियोजनाओं से संबंधित मुद्दे उपायों की योजना बनाई जानी चाहिए और उन्हें समन्वय से हल किया जाना चाहिए। प्रवासी मजदूरों की समस्या के समाधान के लिए उनका रिकॉर्ड बनाया जाए और एक विशेष ऐप बनाकर नियमित किया जाए ताकि उनकी जानकारी दोनों राज्यों में प्रशासन के साथ साझा की जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध गौवंशी की तस्करी, मानव तस्करी, अवैध खनिज खनन और परिवहन, अवैध हथियार, गुटखा, शराब आदि नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने सीमा चौकियों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाये और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जाये। इसके साथ ही वहां सीसीटीवी सिस्टम लगाया जाए और कड़ी निगरानी रखी जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नक्सली गतिविधियों के खात्मे के लिए दोनों राज्यों की पुलिस समन्वय बनाकर अभियान चलाये। बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा बताया कि बैठक में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आरबीसी-6-4 के राहत प्रकरणों में पड़ोसी राज्य के लोगों को राहत देने के संबंध में चर्चा की गई। दोनों राज्यों में अप्रवासी लोगों का डाटा तैयार करने, मध्यप्रदेश के जिलों से श्रमिकों को महाराष्ट्र ले जाने वाले ठेकेदारों की सूची तैयार करने एवं ऐसे अपंजीकृत ठेकेदारों पर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि महाराष्ट्र राज्य से मध्यप्रदेश में आने वाली सरकारी बसों को बस स्टेंड में रोकने के लिए स्थान नहीं दिया जाता है। इस समस्या का शीघ्र हल करने का निर्णय लिया गया। पेसा एक्ट को लेकर गोंदिया कलेक्टर के साथ संयुक्त बैठक करने का निर्णय लिया गया। लांजी में एनीकट निर्माण एवं गोंदिया एवं भंडारा जिले के साथ मिलकर सारस संरक्षण परियोजना पर कार्य करने का निर्णय लिया गया।

# एक साल में 06 नक्सली मार गिराने पर बालाघाट जिले की प्रशंसा

पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने बैठक में बताया कि अंतर्राज्यीय समन्वय अच्छा होने के कारण बालाघाट जिले में वर्ष 2022 में 06 नक्सलियों को मार गिराया गया है। बैठक में इसके लिए बालाघाट जिले की प्रशंसा की गई और अपेक्षा की गई कि आगे भी इसी तरह का अच्छा समन्वय बनाकर रखा जायेगा । गोंदिया पुलिस अधीक्षक द्वारा मुरकुट्टू कैंप में पर्याप्त बल रखने की बात कही गई। इस पर पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा बताया गया कि मुरकुट्टू कैंप में हाक फोर्स के जवान तैनात कर दिये गये हैं और आगे भी आवश्यक बल की कमी नहीं होने दी जायेगी। बैठक में गौवंश की तस्करी एवं अवैध परिवहन रोकने पर भी चर्चा की गई और दोनों राज्यों में सहमति बनी कि सीमावर्ती क्षेत्र में सघन मानीटरिंग की जायेगी और इस धंधे में लिप्त लोगों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। आवश्यक होने पर आसपास के स्लाटर हाउस (कसाई घर) संचालकों पर भी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में तय किया गया कि दोनों राज्यों के बीच जिला बदर, संपत्ति संबंधी एवं अन्य अपराधियों की सूची साझा की जायेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि दोनों राज्यों की पुलिस द्वारा सतत संयुक्त अभियान चलाये जाते रहेंगें और सीमावर्ती जिलों को नक्सलियों एवं अपराधियों की पनाहगार नहीं बनने दिया जायेगा।

बैठक में मध्य प्रदेश के राज्यपाल के प्रधान सचिव डी.बी. आहूजा, महाराष्ट्र राज्यपाल के प्रधान सचिव संतोष कुमार संयुक्त सचिव श्वेता सिंघल, संभागीय आयुक्त डॉ.दिलीप पंढरपट्टे, बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, सिवनी कलेक्टर राहुल हरिदास फटिंग, छिंदवाड़ा कलेक्टर शीतला पटले, बैतूल कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस, बुरहानपुर कलेक्टर भव्या मित्तल, खंडवा कलेक्टर अनुप कुमार सिंह, अमरावती कलेक्टर पवनीत कौर, भंडारा कलेक्टर योगेश कुम्भेजकर गोंदिया कलेक्टर चिन्मय गोटमारे, बुलढाण कलेक्टर डॉ. एच.पी. तुम्मोद, नागपुर की अपर कलेक्टर आशा पठान समेत सभी जिलों के कलेक्टर पुलिस अधीक्षक आदि उपस्थित थे। इस मौके पर अमरावती जिला प्रशासन ने दोनों राज्यपालों को अमरावती जेल के कैदियों द्वारा बनाई गई बैलगाड़ी की प्रतिकृति भेंट की। कार्यक्रम का संचालन पंकज शिरभाटे, सहायक प्राध्यापक, प्रबोधिनी द्वारा किया गया।

## परम श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं स्वच्छ समुदायिक केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किए

पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे




जिसमे मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मौ मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह, नगर परिषद अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव , जिला उपाध्यक्ष रामअख्त्यार गुर्जर जी, पूर्व पार्षद महबूब खान जी अल्प संख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अमजद खान जी, पार्षद सुलतान मौर्य जी, जिला आई टी सेल प्रभारी रामू कुशवाह जी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राम यादव जी, जिला कोषाध्यक्ष सोनू खान जी, पूरन गोयल जी, असगर खान, करामात खान बाबू खा पठान ,पूर्व ह्यरूकसरदार राजा अलियार खान ,अमीन खान, सूरज खटीक, रसूल खान, जी उपस्थित रहे।

# विशाल कमांडो प्रशिक्षण एवं चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**पाली राजस्थान**

पाली। आर्य वीर दल पाली भगत सिंह व्यामशाला के सामने ट्रेफिक सेफ्टी पार्क शिवाजी नगर पाली के प्रांगण में विशाल कमांडो प्रशिक्षण एवं चरित्र निर्माण नौ दिवसीय शिविर का आयोजन 27 दिसंबर से शुरू होगा ।जिसमें आर्य वीर दल के जिला संचालक कमांडो प्रेम कुमार आर्य ने बताया कि इस शिविर में 12 साल से लेकर 25 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु जूडो कराटे बॉक्सिंग लाठी तलवार अस्त्र-शस्त्र संचालन एवं कमांडो ट्रेनिंग में राइफल शूटिंग तीरंदाजी असाल्ट इन ऑप्टिकल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कमांडो आर्य ने बताया कि शिविर में भाग ले रहे बालक बालिकाओं को सेना भर्ती पुलिस विभाग निजी सुरक्षाकर्मी जैसी भर्तियों के लिए यह प्रशिक्षण आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक रहेगा। इसमें नरसिंह आर्य महेश बागड़ी ने बताया कि शिविर में हर जाति धर्म वर्ग के इच्छुक बालक बालिकाओं को



भाग ले सकेंगे। शिविर सामाजिक सद्भावना शांतिपूर्ण राष्ट्र को समर्पित रहेगा। शिविर की तैयारियों में करण चंद्र कैलाश गौड़ विनय आर्य ललित आर्य हर्षवर्धन हुकमाराम बंजारा हेमलता चौधरी गोरी शंकर शर्मा आदि लोग मौजूद है।

# खेलों को खेल की भावना से खेलें: नारायण लाल मीणा

## इटन्दरा में आठवीं ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के महाकुंभ का हुआ शुभारम्भ

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

रानी पाली। कस्बे के खेल में मैदान मे आठ दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता में 40 से ज्यादा टीमें हिस्सा लेगी। क्रिकेट प्रतियोगिता के महा कुभ का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सरपंच भंवरलाल सिरवी के सानिध्य मे हुआ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए - मीणा ने कहा की हर खिलाडी को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए । साथ ही पूर्व सरपंच भाटी ने सभी खिलाड़ीयो व आयोजक कमेटी का आभार जताया। साथ ही सरपंच भवरलाल सिरवी ने सभी खिलाडीयो का आभार जताया। कमेटी के सदस्यो ने बताया कि पहला इनाम पच्चीस हजार रुपये पूर्व सरपंच नारायणलाल मीणा की और से दिया जाएगा । दुसरा इनाम पन्द्रह हजार जगतसिंह कुम्पावत की और से दिया जाएगा । तीसरा ईनाम मांगीलाल मालवीय व चोथा इनाम अर्जुन सिंह कुम्पावत की तरफ से दिया जाएगा । आठ दिन चलने वाली प्रतियोगिता मे चालीस से ज्यादा टिमे भाग लेगी।



उदघाटन मेच डुठारिया वसेज डिगाई के बीच खेला गया । जिसमे डुठारिया ने जीत हासिल की । तीन मेच और खेले गये जिसमे टिमे ने अपना दमखम दिखाया ।

**ये रहे मौजूद**-सरपंच भंवरलाल सीरवी, उपसरपंच पर्बतसिंह कुम्पावत, मोहनसिंह भाटी सेदरिया, परमवीरसिंह, गुणेश वाघोणा, नारायणलाल मीणा, नरेश मालवीय, दलाराम चौधरी, देवीसिंह कुम्पावत, जगदीश मीणा, खुमाराम चोधरी, नारायण भाई ठेकेदार व समस्त कमेटी के कार्यकर्ता सहीत ग्रामीण मौजूद रहे।

## संत श्री आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु की ओर से कैंसर के मरीजों के लिए भोजन का वितरण हुआ

पुष्पाजंली टुडे



बेंगलुरु- नर-नारायण सेवा के तहत संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु की ओर से शुक्रवार (23 दिसम्बर) को अमावस्या के निमित्त किदवई हॉस्पिटल में कैंसर मरीजों के लिए भोजन-प्रसाद वितरण के कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत करीब 200+ असहाय मरीजों को ट्रस्ट की तरफ से निःशुल्क भोजन कराया गया।पूज्य बापूजी अपने सत्संग में बताते हैं की- अमावस्या के दिन पितृ भूलोक (पृथ्वी) पर आते हैं। अतः इस दिन उनके निमित्त सेवा तथा पूजन करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। इस दिन घर में श्रीमद्भागवत गीता का पाठ करवाना चाहिए। इसके साथ ही घर में नाना प्रकार के दोषों की शांति के लिए हवन भी करवाना चाहिए। इससे घर की समस्त नेगेटिव एनर्जी खत्म होती है और भूत-प्रेत आदि शक्तियों से मुक्ति मिलती है। इस प्रकार उनका आशीर्वाद लेकर सौभाग्य पाया जा सकता है। ऐसा करने से पितरों की अतृप्त आत्मा संतुष्ट होकर खुशहाली का वरदान देती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अमावस्या के दिन निशक्त व असहायजनों के अलावा गरीब बस्तियों में जाकर भोजन वितरण करना चाहिए। इसी प्रकार गौमाता को रोटी, गुड़, चापड़, खल, दलिया खिलाना चाहिए, श्वान को रोटी व दूध पिलाना, मछली को आटा व पक्षियों को दाना चुगाना चाहिए।किडवई हॉस्पिटल के डायरेक्टर- डॉ. वी. लोकेश ने अपने हाथों से भोजन परोसते हुए, संत श्री आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु के युवाओं की इस पहल की सराहना की व ट्रस्ट को लिखित में आभार पत्र भी दिया।

# विधायक हिना कावरे ने शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा का किया अनावरण

## कारंजा में मनाया गया शहीद गेंदसिंह नाईक स्मृती एवं शक्ति दिवस

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

संयुक्त आदिवासी समाज, अखिल भारतीय हल्बा/हल्बी समाज व ग्राम समाज के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को बालाघाट जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम हल्बीटोला कारंजा में परंपरागत रूप से शहीद गेंदसिंह नाईक स्मृती एवं शक्ति दिवस मनाया गया, साथ ही शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 दिसंबर को शक्तिपूजन, ध्वज वंदन, ध्वजारोहण व जयघोष के साथ कबड्डी, कुर्सी दौड़, प्रश्न मंच, संगोष्ठी जैसी गतिविधियां के साथ किया गया। वहीं 26 दिसंबर को प्रातः से ही अन्य कार्यक्रम जिसमें शहीद बिरसा मुंडा पूजन, शक्ति प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बिरसा मुंडा प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम एवं सामूहिक भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखराम नाईक समाजसेवी ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुश्री हिना कावरे और विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रेवेंद्र खोंगल उपस्थित रही।

**जल जंगल और जमीन अपने जमीनी होने का प्रतीक है: हिना कावरे**-कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई क्षेत्रीय विधायक सुश्री हिना कावरे ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इसमें कोई दो मत



की बात नहीं है कि अपने अधिकारों के प्रति जब भी शहीद बिरसा मुंडा की बात आती है तो एक नारा साथ रहता है जल जंगल और जमीन। यह नारा उनके नाम के साथ जुड़ा हुआ है जो अपने जमीनी होने का प्रतीक है। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और पूरी ताकत के साथ लड़ाई उस समय हमारा देश गुलामी में था। कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि कोई आदिवासी व्यक्ति इस तरह का आंदोलन खड़ा कर सकता है जो आंदोलन बिरसा मुंडा जी के द्वारा किया गया। आज आप सब लोग ने मिलकर जिस प्रतिमा को यहां स्थापित किया है वह प्रतिमा अब आप लोगों के लिए बड़ी जवाबदारी बन चुकी है। सिर्फ प्रतिमा लगा लेने से और जन्मतिथि पुण्यतिथि मना लेने से ही बात नहीं बनेगी उन्हीं की तरह अपने अधिकारों के प्रति लड़ाई लड़नी होगी। यहां तक ही नहीं अगर आपके सामने किसी के अधिकारों के साथ गलत हो रहा हो तो उसके लिए भी आपको आवाज उठानी होगी। हम सब के लिए गर्व की बात है कि हमारे देश में बिरसा मुंडा जैसे अमर शहीद हुए, और उससे भी बड़ी गौरव की बात यह है कि उन्होंने आपके समाज में जाति में जन्म लिया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**-शहीद गेंदसिंह नाईक स्मृति एवं शक्ति दिवस व शहीद बिरसा मुंडा प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर मंचासिन अतिथियों के रूप में अजय अवसरे जनपद उपाध्यक्ष, मुकेश जोशी, स्नेहलता बागड़े सरपंच, धर्मेंद्र चूटे, खेमराज मछीरके, सहदेव नंदनवार, गोविंद बागड़े, खेमराज नाईक, श्रीमती सुषमा, फागूराम खोबरागडे सामाजिक कार्यकर्ता, बीआर नाइक सेवानिवृत्त प्राचार्य, शंकरलाल धरने, वाय सी भोयर, छगन भंडारी, नाथूलाल नाईक, रमेश नंदनवार, निलेश शिवनकर, औध्य प्रसाद उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगी प्रियंका गांधी वाड्रा

# उत्तर भारत को लेकर कांग्रेस ने बनाई खास रणनीति

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा नए साल में उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी. प्रदेश में ये यात्रा तीन दिन तक चलेगी. इस यात्रा में राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी, जो राज्य के विधानसभा चुनावों में पार्टी की ऐतिहासिक पराजय के बाद प्रदेश आना लगभग छोड़ चुकी हैं. हालांकि, भारत जोड़ो यात्रा के जरिए प्रदेश की राजनीति में उनके दोबारा सक्रिय होने की बात कही जा रही है. पार्टी के नेताओं के अनुसार प्रियंका गांधी अब पूरी तरह से यूपी में पार्टी को मजबूत करने में जुटेंगी. यूपी में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उनकी सक्रियता का पता सभी को चल जाएगा. प्रियंका की पीआर टीम के लोगों का तो यह दावा है कि राहुल गांधी अब दक्षिण में और प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर में कमान संभालेंगी और लखनऊ तथा दिल्ली में रहते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रणनीति को ध्वस्त करने में जुटेंगी. यूपी कांग्रेस के सीनियर नेता सलमान खुर्शीद से लेकर राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर और पार्टी प्रवक्ता संजय सिंह सभी का यही कहना है. इन नेताओं के अनुसार, यूपी के विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद प्रियंका गांधी ने योजनाबद्ध तरीके से हिमाचल प्रदेश पर ध्यान देना शुरू किया. राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा पर अपना ध्यान केंद्रित किया. कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं के बेहद करीबी पत्रकार हिसाम सिद्दीकी कहते हैं कि जब राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा दक्षिण भारत से शुरू की तो वो अनायास हुआ फैसला नहीं था, बल्कि बहुत सोच समझ कर किया गया था. पूरे दक्षिण भारत में राहुल की यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी कहीं भी शामिल नहीं हुईं, लेकिन दक्षिण से निकलते ही वे मध्य प्रदेश में अपने पति व बेटे के साथ यात्रा में शामिल हुईं. अब वह यूपी में राहुल के साथ यात्रा में शामिल हो रही हैं.




**रायबरेली सीट से चुनाव लड़ सकती हैं प्रियंका-** हिसाम के अनुसार, प्रियंका यूपी के अलावा अब आगे भी जिन राज्यों में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जाएगी, वहां राहुल के साथ यात्रा में दिखेंगी. पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में प्रियंका ने जम कर प्रचार किया और कांग्रेस वहां चुनाव भी जीती. इस जीत का महत्व है, कांग्रेस अगले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच जिम्मेदारी बांटने वाली है. राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं और दक्षिण भारत की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली सीट से चुनाव लड़ सकती हैं और उत्तर भारत में पार्टी की कमान संभालेंगी. इसका यह मतलब नहीं है कि राहुल उत्तर भारत के राज्यों में प्रचार नहीं करेंगे. वो यूपी में भी सक्रिय रहेंगे लेकिन यूपी में पार्टी की कमान प्रियंका के हाथ में ही होगी.

**भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी प्रियंका-** यूपी के बीते विधानसभा चुनावों में भले की कांग्रेस पार्टी को लाभ नहीं हुआ, लेकिन प्रियंका की मेहनत में कोई कमी नहीं रही थी. पार्टी नेताओं का कहना है कि प्रियंका गांधी के कमान संभालने पर पार्टी को यूपी सहित पूरे उत्तर भारत में लाभ होगा. राहुल के चलते दक्षिण भारत में पार्टी का परचम फहराएगा. कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी कहते हैं कि भारत जोड़ो यात्रा में प्रियंका गांधी शामिल होंगी. हर दिन एक सभा होगी. राहुल गांधी अपने यात्रा के अनुभव को बताएंगे. इसके साथ ही यूपी जोन के सभी अध्यक्ष और कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल होंगे.




## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश यादव और मायावती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा के यूपी में आने से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद और नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने हापुड़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की है. हापुड़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यात्रा के बारे में उन्होंने जानकारी दी है. उन्होंने कहा कि यह यात्रा यूपी के तीन जिलों से होकर गुजरेगी. इस यात्रा की तैयारियां जोरों से चल रही हैं. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, यूपी में तीन जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा प्रवेश कर रही है. वहीं इस यात्रा में अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को भी निमंत्रण भेज रहे हैं. जिसमें अखिलेश यादव और मायावती को भी निमंत्रण भेजा जाएगा. इस यात्रा के लिए राहुल गांधी ने निमंत्रण भेजा है. उन दलों को निमंत्रण भेजा है. जिनकी सोच हमारी सोच से मिलती है.

वहीं उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री द्वारा भेजे गए पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारी यात्रा में सरकार को अपनी और मास्क भिजवाने चाहिए. इस यात्रा में हम मास्क पहन लेंगे. हालांकि सरलमान खुर्शीद ने अपने बयान के जरिए राज्य में सियासी हलचल को बढ़ा दिया है. अब सवाल उठने लगा है कि क्या अखिलेश यादव और मायावती एक साथ इस यात्रा में शामिल होंगे। बता दें कि ये यात्रा तीन जनवरी से सात जनवरी तक राज्य में रूकेगी. इस दौरान तीन जिलों से होकर गुजरेगी.

## बीजेपी, सपा और बीएसपी, 2022 के वो बड़े राजनीतिक फैसले जिसने सभी को चौंका दिया

**उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में 2022 का साल काफी उथल-पुथल भरा रहा है. इस साल बीजेपी, समाजवादी पार्टी और बीएसपी तीनों ने ही अपने कई फैसलों से सभी को चौंका दिया. साल की शुरूआत राज्य में विधानसभा चुनाव के साथ हुई थी. जबकि अंत यूपी के तीन सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों से हुआ. लेकिन इस बीच कई ऐसे फैसले रहे जिसने खूब सुर्खियां बटोरी. सपा गठबंधन- सबसे पहले बात विधानसभा चुनाव से पहले बने समाजवादी पार्टी गठबंधन की करते हैं. विधानसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में प्रसपा, सुभासपा, आरएलडी और महान दल थे. लेकिन विधानसभा चुनाव में हार के बाद कुछ बातों को लेकर गठबंधन में खटपट बढ़ी. जिसके बाद प्रसपा, महान दल और सुभासपा से गठबंधन टूट गया. हालांकि इसके बाद मैनपुरी उपचुनाव के पहले शिवपाल यादव की पार्टी का सपा से फिर गठबंधन हुआ. बात यहीं खत्म नहीं हुई, उपचुनाव में सपा गठबंधन में चंद्रशेखर आजाद की पार्टी की भी एंट्री हुई.

आजमगढ़ उपचुनाव- बीते कई उपचुनावों से बीएसपी और कांग्रेस दूर रहे हैं. लेकिन ऐसा आजमगढ़ सीट पर हुए उपचुनाव के दौरान नहीं हुआ. इस सीट पर बीएसपी ने शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को अपना उम्मीदवार बनाया. जबकि रामपुर लोकसभा उपचुनाव से बीएसपी दूर रही. वहीं इसके बाद मैनपुरी, खतौली और रामपुर सीट पर नवंबर-दिसंबर के दौरान हुए उपचुनाव से भी पार्टी ने दूरी बनाए रखी. आजम खान- विधानसभा चुनाव में रामपुर सीट से विधायक बनने के बाद उपचुनाव में लोकसभा सीट पर आजम खान के करीबी आसिम रजा को उम्मीदवार बनाया गया. हालांकि उपचुनाव में वे बीजेपी उम्मीदवार घनश्याम लोधी से हार गए. लेकिन फिर एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खान को हेट स्पीच केस में सजा सुना दी. जिसके बाद उनकी विधायक की सदस्यता भी चली गई. इसके बाद रामपुर विधानसभा सीट पर फिर उपचुनाव हुए. इस बार फिर आजम खान का परिवार रामपुर उपचुनाव से दूर रहा. यानी बीते 45 सालों में पहला मौका है जब आजम खान का परिवार रामपुर से विधायक और सांसद नहीं है. बीएसपी का यूपी में नया प्रदेश अध्यक्ष- बीएसपी प्रमुख मायावती ने विश्वनाथ पाल को राज्य में नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया. विश्वनाथ पाल अयोध्या मंडल के मुख्य




सेक्टर प्रभारी रहे हैं. मायावती का साल के बिल्कुल अंत में आया ये फैसला नए राजनीतिक संकेत देने वाला था. उन्होंने इसका एलान अपने ट्वीट के जरिए किया. मायावती ने ट्वीट कर लिखा, वर्तमान राजनीतिक हालात को मद्देनजर रखते हुए बीएसपी यूपी स्टेट संगठन में किए गए परिवर्तन के तहत् श्री विश्वनाथ पाल, मूल निवासी जिला अयोध्या को बी.एस.पी. यूपी स्टेट का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. सपा में प्रसपा का विलय- नेताजी के निधन के बाद शिवपाल सिंह यादव का भतीजे अखिलेश यादव के प्रति रूख नरम दिखा. बात आगे बढ़ी और डिंपल यादव को मैनपुरी से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद चाच शिवपाल पूरी तरह परिवार के साथ आ गए. इसके बाद मैनपुरी में डिंपल यादव जैसे ही जीत के करीब पहुंची तो फिर अखिलेश और शिवपाल यादव ने प्रसपा का सपा में विलय का एलान कर दिया.

भूपेंद्र चौधरी- यूपी बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर कई अटकलें चली. लेकिन बीजेपी ने राज्य की कमान पश्चिमी यूपी से आने वाले नेता को दे दी. हालांकि इससे पहले राज्य में प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी किसी ब्राह्मण नेता के हाथ में देने की चर्चा भी हुई. लेकिन पार्टी ने इस फैसले के जरिए एक बार फिर सबको चौंका दिया. धर्मपाल सिंह- यूपी में सात सालों के बाद बीजेपी ने संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी नए नेता के हाथ में दी. पार्टी ने यहां सुनील बंसल की जगह धर्मपाल सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है. हालांकि उपचुनाव के नजीते उनके लिए एक झटका है लेकिन अभी यूपी में बीजेपी की नई टीम बनने की भी चर्चा जरों पर है.

## मांस खाने वाले या शराब पीने वालों को नहीं मिलेगा टिकट



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों ने अपना जोर लगाना शुरू कर दिया है. नगर पालिका चुनाव को लेकर तमाम नेता भी अपनी-अपनी दावेदारी ठोंक रहे हैं. इस बीच गाजियाबाद की लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंद किशोर गुर्जर का बड़ा बयान सामने आया है. बीजेपी विधायक ने लोनी नगर पालिका में टिकटों के दावेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यहां मांस खाने वाले या शराब पीने वाले को टिकट नहीं दिया जाएगा. नंद किशोर गुर्जर ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोनी नगर पालिका में किसी भी मांस खाने वाले या शराब पाने वाले नेता को टिकट नहीं दिया जाएगा. अच्छे चरित्र वाले नेता को ही टिकट दिया जाएगा. बीजेपी विधायक ने कहा, कोई नाराज न हो मेरा हाथ जोड़कर निवेदन है कि शराब छोड़ दें, शराब शरीर का नाश करती है. हालांकि इस दौरान उन्होंने आम लोगों को शराब छोड़ने के लिए नहीं कहा. नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि जनता पर इसका प्रतिबंध नहीं है. मैं जनता के लिए ऐसा नहीं कहता, लेकिन नेता ऐसा नहीं होना चाहिए कि शराब पीकर रेप कर दे, लूट कर दे या खुद को जंगली पशु बताना शुरू कर दें. लोनी के अंदर ऐसे लोगों की जरुरत नहीं है. नंद किशोर गुर्जर ने आगे कहा कि आप लोगों ने तय किया है कि बीजेपी को एकतरफा वोट करेंगे. मुझे उम्मीद है कि लोनी के अंदर राम राज लाना है. उन्होंने कहा कि नेता का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि रात एक बजे भी अगर किसी के घर जाए तो घरवालों को घमंड होना चाहिए कि नेता उनके घर गया है.आपको बता दें कि यूपी नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 दिसंबर को रोक लगा दी थी. जिसके बाद से इस मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही है. इस मामले पर 27 दिसंबर को फैसला आ सकता है. हालांकि माना जा रहा है कि राज्य में निकाय चुनाव मार्च और अप्रैल तक टल सकते हैं. वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इसके लिए विपक्ष पर आरोप लगाया है. उनका कहना है कि निकाय चुनाव टालने की साजिश रची जा रही है.

### भारत के बढ़ते कद को देख चीन के बदले सुर

## वांग यी बोले साथ काम करने को तैयार

**बीजिंग।** वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद को देख कर चीन के भी सुर बदलने लगे हैं. इसका अंदाजा चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बयान से होता है. चीन के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक चीन संबंधों के स्थिर और मजबूत विकास के माध्यम से भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है. वेबसाइट के मुताबिक रविवार को भारत-चीन संबंधों पर पत्रकारों से बात करते हुए वांग यी ने कहा, चीन और भारत ने राजनयिक और सैन्य-से-सैन्य चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखी है. साथ ही दोनों देश सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं. भारत चीन-भारत संबंधों के स्थिर और मजबूत विकास की दिशा में हम साथ काम करने के लिए तैयार हैं.

**9 दिसंबर को तवांग में फिर भिड़ गए थे भारत-चीनी सैनिक-** गौरतलब है कि चीनी विदेश मंत्री का यह बयान अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 9 दिसंबर को हुए संघर्ष के बाद आया है. इस संघर्ष के बाद विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और चीन ने 20 दिसंबर को चुशूल-मोल्दो सीमा की कोर कमांडर स्तर की 17वें दौर की बैठक हुई थी. इसमें पश्चिमी सेक्टर से जुड़ी सीमा पर सुरक्षा बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की गई थी. बयान के अनुसार, अंतरिम रूप से दोनों पक्ष पश्चिमी क्षेत्र से जुड़ी सीमा पर सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए.



**वैश्विक बिरादरी में अलग-थलग पड़ता जा रहा चीन-** विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष निकट संपर्क में रहने और सैन्य-राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रख जल्द से जल्द शेष मुद्दों के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर काम करने पर सहमत हैं. गौरतलब है कि गलवान घाटी में चीन के पीएलए सैनिकों और भारतीय जवानों की हिंसक भिड़ंत के बाद भारत-चीन तनाव अपने चरम पर है. हालांकि इसके बाद अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के साथ भारत का गठबंधन और मजबूत हुआ है. ताइवान के खिलाफ चीन के आक्रामक रवैये के बाद तो पश्चिमी देशों ने शी जिनपिंग की घेरेबंदी के लिए भारत के समर्थन में ताबड़तोड़ बयानबाजी की. इसके बाद जी-20 की मेजबानी से भी भारत का कद वैश्विक मंच पर और भी बढ़ गया है.

## शाहरुख खान को लेकर अयोध्या के संत ने पार की हदें, घड़ा फोड़कर किया तेरहवीं संस्कार

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान की फिल्म पठान में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भगवा रंग के कपड़े पहने, जिसके बाद शाहरुख खान ऐसे निशाने पर आए की उनकी मौत तक का फरमान जारी कर दिया गया. अयोध्या के जगतगुरु परमहंस आचार्य ने पहले उनका पुतला फूंका था और अब 13वें दिन बाकायदा मंत्रोच्चार के बीच घड़ा फोड़कर उनका तेरहवीं संस्कार भी कर दिया. जगतगुरु परमहंस आचार्य ने आरोप लगाते हुए कहा, शाहरुख खान की जो फिल्म पठान आ रही है इसमें भगवा रंग में जो बेशर्म रंग का गाना जोड़ा है उसको लेकर के हम लोगों को बेहद आपत्ति है. हम लोग दूसरे की आस्था का हमेशा सम्मान करते हैं. लेकिन हमारे सनातनियों की आस्था का लगातार अपमान हो रहा है.




आप उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. हम 13 दिन पहले शाहरुख खान का हमने जो पुतला दहन किया था आज 13 दिन होने पर आज हमने फिल्म जिहादी शाहरुख खान की हमने तेरहवीं की है. यह वही शाहरुख है जो अमेरिका के एयरपोर्ट पर नंगा किया गया था क्योंकि अमेरिकी खुफिया एजेंसी में आज भी यह संदिग्ध लिस्ट में है.

जगतगुरु परमहंस आचार्य ने आगे कहा, शाहरुख को यहां कुछ लोग कहते हैं कि वे किंग है, किंग विंग कुछ नहीं है. यह फिल्म जिहादी है. जिहादियों का ये लीडर है जिसके चलते आए दिन लाखों लड़कियां लव जिहाद का शिकार हो रही हैं. कोई सूटकेश में मिल रही है कुछ को जिंदा जलाया जा रहा है किसी को 35 टुकड़ किसी के 100 टुकड़. वो सब का यह जो है मुखिया है यह जिहाद को पूरे देश में फैलाया हुआ है. इसलिए आज हमने इसकी तेरही की है जिहाद खत्म होना चाहिए. आपको बता दें कि इसके पहले जगतगुरु परमहंस आचार्य ने शाहरुख खान का पोस्टर जलाकर कहा था कि वह शाहरुख खान की चमड़ी उधेड़ कर उन्हे जिंदा जलाएंगे और उनके लोग भी मुंबई में उनको ढूंढ रहे है जो भी ऐसा करेगा वह उसके परिवार को आर्थिक मदत भी देंगे. एक बार फिर संत परमहंस ने चेतावनी दी है और सनातन धर्म और भगवे के अपमान का आरोप लगाया है.

# वर्ल्ड टेलीविजन डे: सोनी सब के कलाकारों ने टेलीविजन से जुड़ी अपनी खुशनुमा यादों को साझा

युक्ति कपूर, जोकि सोनी सब के 'मैडम सर' में एसआई करिश्मी सिंह का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ऐसा कोई एक दिन भी नहीं है, जब हम हमारी जिंदगी में टेलीविजन की मौजूदगी की तारीफ न करें। बचपन से लेकर अब तक, टेलीविजन अपना दायरा बढ़ा रहा है और अपने हमेशा विकसित हो रहे कंटेंट के माध्यकम से पूरी दुनिया को एकसाथ जोड़ रहा है। महाभारत और रामायण के शुरूआती दिनों से लेकर आज तक टेलीविजन ने एक लंबा सफर तय किया है और ऐसे प्रगतिशील एवं अपने से लगने वाले कंटेंट की पेशकश कर रहा है, जो दर्शकों की पसंद के अनुरूप हैं। मैं पिछले 12 सालों से टीवी इंडस्ट्रीट में हूं और इस तरह के एक बहुत बड़े एवं सभी के चहेते प्लेंटफॉर्म का हिस्साल बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। वर्ल्डट टेलीविजन डे के अवसर पर, मैं उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी, जो हर दिन टेलीविजन देखने के हमारे अनुभव को इतना बेहतरीन बना रहे हैं।

गुल्कीं जोशी, जोकि सोनी सब के 'मैडम सर' में एसएचओ हसीना मलिक की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, हम सभी अपने जीवन के शुरूआती दिनों से ही टेलीविजन का इस तरह से इस्तेंमाल करते हुये बड़े हुये हैं कि यह हमारी जिंदगी का एक अभिन्नु हिस्सीा बन गया है। मुझे याद है कि मैं अपने पसंदीदा कॉर्टून्से और टेलीविजन शोज देखने के लिये स्कूनल से घर तक दौड़ लगाते हुये आती थी। उन कलाकारों को विभिन्नद किरदारों को निभाते हुये देखकर बहुत अच्छाू लगता था। बचपन में मैं कई क्षेत्रों में कॅरियर बनाने का सपना देखती थी और वह हर साल बदल जाता था, लेकिन बाद में, मैंने जिन शोज को देखा उनका मेरे ऊपर इतना गहरा असर हुआ कि मैंने आखिरकार टेलीविजन इंडस्ट्रीर में कॅरियर बनाने का फैसला किया और मैं एक कलाकार बनना चाहती थी। आज इस इंडस्ट्री का हिस्साक बनकर मैं आभारी हूं और अपने सफर का



जश्ना मनाने के लिये मैं हर साल वर्ल्डआ टेलीविजन डे मनाती हूं।

**'मैडम सर' के चिंगारी गैंग की लीड रचना पारुलकर ने कहा:** मेरे लिये, टेलीविलन एक ऐसी चीज है, जिसके साथ मैं आराम कर सकती हूं, क्योंकि इससे मुझे एक थकान भर दिन के बाद रिलैक्सर करने या कभी-कभी किसी कंटेंट को देखकर एक ऐक्टरर के रूप में विकसित होने में मुझे मदद मिलती है। मुझे याद है कि बचपन में मुझे 'देख भाई देख' और 'तेनाली रामा' देखना बहुत अच्छाए लगता था। इतना ही नहीं, मुझे कॉर्टून नेटवर्क पर कॉर्टून्सा और एमटीवी एवं चैनल वी पर 90 के दशक के गाने देखना भी पसंद था। यदि टेलीविजन की सबसे खास याद मुझे शेयर करने के लिये कही जाये, तो वह इस प्लेरटफॉर्म के जरिये मेरा डेब्यून करना होगा और इस बिरादरी का हिस्सा बनकर मैं वाकई में बहुत आभारी हूं।

**सोनी सब के 'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' में टेलीविजन की पहली सिमसिम का किरदार अदा कर रहीं, सायंतनी घोष ने कहा:** मुझे याद है कि रविवार के दिन परिवार के सभी लोग महाभारत देखने के लिये टेलीविजन के सामने बैठ जाया करते थे। कॉलोनी का हर सदस्यर एकमदम चुप होकर बैठता था, क्योंकि हर कोई इस शो का आनंद उठाता था। यह मेरे बचपन की सबसे अच्छीह यादों में से एक है, जो मेरे मन में हमेशा बनी रहेगी। 'आई ड्रीम ऑफ जेनी' मेरा एक पसंदीदा शो था, जिसने मेरे दिल को छू लिया था। भरपूर मनोरंजन के साथ इस शो ने मुझ पर बहुत गहरा प्रभाव डाला और हमेशा के लिये मेरी जिंदगी बदल दी। वास्तथव में एक ऐक्ट र बनने के मेरे फैसले में इस शो ने एक महत्वापूर्ण भूमिका निभाई, क्योंतकि इसने मेरे अंदर यह विश्वाफस जगाया कि मैं यह कर सकती हूं और अपने सपनों को हकीकत में बदल सकती हूं। मैंने ऑडिशन देने शुरू किये, छोटे-मोटे रोल किये, कड़ी मेहनत की और आखिरकार अपने सपने को पूरा किया। बतौर दर्शक टेलीविजन शोज का आनंद उठाने से लेकर उनमें काम करने तक, टेलीविजन ने मेरी जिंदगी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कलाकारों के लिये, टेलीविजन देश भर के दर्शकों के साथ जुड़ने का एक माध्यजम है।

**सोनी सब के सबसे पसंदीदा शो 'वागले की दुनिया-नई पीढ़ी नये किस्से ' के सुमीत राघवन ने कहा:** मेरे पूरे कॅरियर के दौरान टीवी से जुड़ी मेरी कई खुशनुमा यादें हैं, जिसकी शुरूआत मराठी शो 'फास्टार फेने' में बतौर बाल कलाकार मेरे पहले रोल से होती है। एक दूसरी याद महाभारत के दिनों की है, जिसमें मैंने सुदामा का किरदार निभाया था और एक बार रात के दौरान हम बारिश में एक सीन की शूटिंग कर रहे थे। मुझे एक पेड़ पर खड़े होकर अपने डायलॉग्सत बोलने थे, जो मेरे लिये बहुत मुश्किल हो रहा था, क्योंकि ठंड की वजह से मैं बुरी तरह से कांप रहा था। तभी, रवि चोपड़ा जी एक सीढ़ी का इस्तेमाल कर मेरे पास एक कप चाय लेकर आये और कहा, सुमीत गरम-गरम चाय पी लो, यह तुम्हेंह गर्माहट देगा'' और उनकी इस दयालुता का मैं कायल हो गया। एक और यादगार किस्सात उस समय का है, जब मुझे सतीश शाह, जोकि एक बड़ी हस्ती हैं, के साथ काम करने का मौका मिला, वह मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। ऐसे कई यादगार पल हैं, मेरी जिंदगी में, जिसमें केवल कुछ चुनिंदा यादों के बारे में ही मैंने यहां पर बात की है। मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो ऐसे कई प्रोजेक्ट्स एवं शोज हैं, जिन्होंमने एक कॅरियर चॉइस के रूप में टेलीविजन इंडस्ट्री में मेरे अभिनय को आगे बढ़ाने में एक महत्वटपूर्ण भूमिका निभाई है।

**सोनी सब के 'पुष्पाू इम्पॉभसिबल' की सबकी पसंदीदा पुष्पाट ने कहा:** रामायण और महाभारत जैसे कई शोज हैं, जो मेरे दिल के बेहद करीब हैं, क्योंसकि वे मेरे बचपन का एक अभिन्नम हिस्सात रहे हैं। उनसे मैंने न केवल कई नैतिक मूल्यों को सीखा है बल्कि उनका पालन भी किया है। 'हम लोग, 'कशिश', 'खाली हाथ', 'मिर्जा गालिब' और जैसे कई दूसरे शोज भी थे, जो मैं अपने टीनेज के दिनों में देखा करती थी और उन सभी शोज ने ऐक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिये मुझे प्रभावित किया। बतौर ऐक्टार यदि आइडल्सर के बारे में बात करूं, तो कुछ ऐसे किरदार हैं, जैसे कि 'मिर्जा गालिब' में नीना गुप्ता का किरदार और और 'रजनी' नाम के एक टीवी शो के किरदारों ने एक अच्छा ऐक्टेर बनने के लिये प्रेरित किया।

## रेड डीपनेक ड्रेस में क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिखीं नेहा मलिक, एक्ट्रेस की बोल्डनेस ने यूजर्स को बनाया लट्टू



हॉट एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने सेक्सी लुक्स के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी स्टनिंग अदाओं से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस नेहा मलिक ने एक बार फिर हॉटनेस का तड़का लगा दिया है। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी स्टनिंग आउटफिट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। उनकी हर तस्वीरों पर फैंस हमेशा अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने किलर लुक्स में हॉट फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में अभिनेत्री नेहा मलिक ने रेड कलर की डीप नेक ड्रेस पहन कर बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हॉट ड्रेस पहने हुए सिजलिंग पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। हालांकि इन तस्वीरों में एक्ट्रेस नेहा मलिक जुल्फे सवारती हुई बेहद हसीन लग रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक इन दिनों सोशल मीडिया पर बोल्डनेस से लाइमलाइट बटौर रही हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 3.4 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

# अभिनेता जॉन अब्राहम अभिषेक शर्मा की फिल्म परलोक में आएंगे नजर



जॉन अब्राहम मौजूदा दौर के बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में शामिल हैं। अब एक और फिल्म का नाम उनके साथ जुड़ चुका है। वह फिल्ममेकर अभिषेक शर्मा की अगली फिल्म परलोक में मुख्य भूमिका में पर्दे पर दिखेंगे। एक इंटरव्यू में अभिषेक ने खुद जॉन के साथ फिल्म करने की पुष्टि की है। यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसमें उनका अलग अवतार देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा, यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है। हम फिल्म बनाने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे हैं। यह एक शानदार कहानी है, जिसे हम दोनों दर्शकों को बताना चाहते हैं। अगर आप गौर करें तो मैंने कभी एक ही जॉनर पर लगातार काम नहीं किया है और यह फिल्म एक निर्देशक के रूप में मेरी नई दुनिया होने जा रही है। अभिषेक ने बताया कि फिल्म में वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। इसकी शूटिंग कब शुरू होगी, इसको लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई है। वह 2019 में आई द जोया फेक्टर के बाद ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करना चाहते थे। हालांकि, योजना के मुताबिक वह काम नहीं कर पाए। इसके बाद उन्होंने अक्षय कुमार को साथ लेकर राम सेतु बनाई। अब देखना दिलचस्प होगा कि परलोक में किस अभिनेत्री की एंट्री होती है।

परलोक के अलावा भी अभिषेक और जॉन के बीच कई अन्य प्रोजेक्ट्स को लेकर बातचीत चल रही है। निर्देशन के साथ ही परलोक का लेखन भी अभिषेक ने किया है। जॉन अभिनय के साथ-साथ फिल्म निर्माण की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। अभिनेता के अलावा एक प्रोड्यूसर के रूप में भी जॉन अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन में विक्की डोनर, मद्रास कैफे, बाटला हाउस और परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरण जैसी फिल्में बनाई हैं। जॉन के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह शाहरुख खान की फिल्म पठान का अहम हिस्सा हैं। इसमें जॉन विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। हिट मलयालम फिल्म अय्यप्पनम कोशियुम की हिंदी रीमेक में भी जॉन दिखेने वाले हैं। ऑरिजनल फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों ने खूब सराहा था। इसी साल उन्होंने अपनी नई फिल्म तारिक का ऐलान किया था। यह फिल्म अगले स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिषेक ने एक निर्देशक और लेखक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (ह्रस्ष्ठ) से अपनी पढ़ाई पूरी की है। राम सेतु के अलावा तेरे बिन लादेन, द शौकीन्स और परमाणु जैसी फिल्मों के लिए उन्हें जाना जाता है।




## कामना पाठक का साड़ी कलेक्शन रेखा, विद्या बालन से है प्रेरित

टीवी अभिनेत्री कामना पाठक ने साड़ियों के प्रति अपने प्यार के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे वह साड़ी संग्रह के मामले में अभिनेत्री रेखा और विद्या बालन से प्रेरणा लेती हैं, क्योंकि दोनों की अलग-अलग पसंद हैं।वह कहती हैं, रेखा जी साड़ियों के लिए भारत की स्टाइल आइकॉन हैं। जब भी वह दिखती हैं तो उनका सरासर व्यक्तित्व और उनके स्टाइल स्टेटमेंट में लालित्य हमेशा ध्यान आकर्षित करता है। उनके पास शैली की एक त्रुटिहीन भावना है जो पीढ़ी दर पीढ़ी प्रेरित करती रहती है। दिलचस्प बात यह है कि, मैंने हाल ही में वाराणसी में रेखा जी के कांजीवरम से प्रेरित एक लाल साड़ी उठाई। दुकानदार ने मुझे बताया कि कई खरीदार रेखा जी की विभिन्न साड़ी लुक के बारे में पूछने आए और कई महिलाओं की नजर मेरे द्वारा खरीदी गई लाल साड़ी पर पड़ी, लेकिन यह मेरी किस्मत में थी। वह आगे कहती हैं, मेरी अन्य पसंदीदा साड़ी स्टाइल आइकन विद्या बालन हैं, जिनके पास पारंपरिक और ऑफ-बीट दोनों तरह के फैशन की एक अलग समझ है।कामना ने भी इस पारंपरिक पोशाक के महत्व के बारे में बात करते हुए कहा, यह ठीक ही कहा गया है कि एक साड़ी कभी भी फैशन से बाहर नहीं हो सकती है और यह एक ऐसा परिधान है जो हर महिला को सुरुचिपूर्ण और आकर्षक बनाता है। आकर्षक, आकार या आकार की परवाह किए बिना। यह एक साथ मिलें, पार्टी, औपचारिक कार्यक्रम या पारंपरिक समारोह हो, स्टाइल स्टेटमेंट बनाने के लिए साड़ी सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। अभिनेत्री, जो इस समय कॉमेडी शो हप्पू की उलटन पलटन में नजर आ रही हैं।

## दिनेश विजन के साथ हॉरर कामेडी फिल्म ला रहे आयुष्मान सामंथा बन सकती हैं जोड़ीदार

अभिनेता आयुष्मान खुराना लीक से हटकर फिल्में करने के लिए जाने जाते हैं। वह एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उनकी कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। अब उन्होंने दिनेश विजन की एक फिल्म साइन कर ली है। खुद आयुष्मान ने अपनी इस फिल्म के बारे में बातचीत की है और बताया है कि इसके जरिए वह दर्शकों को कॉमेडी का डोज देंगे।



फिल्म से जुड़ी और क्या जानकारी सामने आई है, आइए जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आयुष्मान और फिल्म निर्माता दिनेश साथ में एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म में आयुष्मान के साथ लोकप्रिय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु नजर आ सकती हैं और फिल्म का नाम वैम्पायर हो सकता है। आयुष्मान ने कहा, दिनेश विजन और अमर कौशिक एक डरावनी फिल्म बना रहे हैं, जो बहुत ही रोचक और पेचीदा होगी। यह भारतीय दर्शकों के लिए एकदम नई फिल्म होगी। हम जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा करेंगे। रिपोर्टों के मुताबिक, वैम्पायर राजस्थान की एक लोककथा पर आधारित होगी, जिसमें आयुष्मान पिशाच की भूमिका निभाएंगे और सामंथा एक राजकुमारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। एक तो फिल्म में दोनों की जोड़ी पहली बार दर्शकों को देखने को मिलेगी और दूसरा आयुष्मान को पहली बार किसी ऐसी भूमिका में देखना दिलचस्प होगा। दिनेश और अमर कौशिक इससे पहले भी इसी तरह की स्त्री, रूही और भेड़िया जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं।

2008 में आई फिल्म भूतनाथ ने हॉरर के मायने बदल दिए। इसमें पहली बार भूत को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया था। भूल भुलैया, नानू की जानू, गो गोवा गॉन और गोलमाल अगेन जैसी फिल्मों ने भी दर्शकों को डराने के साथ-साथ हंसाया है।

आयुष्मान को पिछली बार फिल्म डॉक्टर जी में देखा गया, लेकिन उनकी यह फिल्म दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई। आयुष्मान की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह एन एक्शन हीरो को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वह जबरदस्त एक्शन करते दिखेंगे। यह फिल्म 2 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। इसके अलावा आयुष्मान फिल्म ड्रीम गर्ल 2 से जुड़े हैं। इसमें उनके साथ अनन्या पांडे दिखेंगी। यह फिल्म अगले साल 23 जून को दर्शकों के बीच आएगी।

आयुष्मान ने अपने इसी इंटरव्यू में कहा, अब मेरा झुकाव मसाला एंटरटेनर फिल्मों की ओर हो रहा है। गंभीर मुद्दों वाली फिल्मों में काम कर मैं उब गया हूं। एन एक्शन हीरो भी मैंने इसलिए साइन की, क्योंकि इसमें कोई सोशल मैसेज नहीं था। मुझे बस अब पॉपकॉर्न एंटरटेनमेंट फिल्में करनी हैं। उन्होंने कहा, मुझे सबकी पसंद का ख्याल रखने के लिए कुछ अलग करना होगा, इसलिए अब मैं कमर्शियल फिल्मों की तरफ झुक रहा हूं।

# गोविंदा नाम मेरा में अपने किरदार को लेकर भूमि पेडनेकर ने साझा किया अनुभव

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी आगामी फिल्म गोविंदा नाम मेरा, एक कॉमिक थ्रिलर में अपने अविश्वसनीय अभिनय और डायलॉग डिलीवरी के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने एक खास अनुभव साझा किया है। भूमि ने कहा, मैं वास्तव में रोमांचित हूं कि फिल्म निर्माता महसूस कर सकते हैं कि मैं वास्तव में कड़ी मेहनत कर सकती हूं और किसी भी भूमिका को पूरा करने की कोशिश कर सकती हूं जो वे मुझे प्रदान करते हैं।

मेरे लिए यह मेरे काम और एक कलाकार के रूप में मेरे कौशल के लिए सबसे बड़ी मान्यता है।गोविंदा नाम मेरा में मेरा किरदार है कि मैं फिर से कुछ अलग करने की कोशिश कर रही हूं, हर फिल्म के साथ इसे फिर से बदलने की कोशिश कर रही हूं और उम्मीद है कि अपने प्रदर्शन से लोगों को प्रभावित करूंगी। उन्होंने आगे कहा, मुझे एक सांचे में ढाले जाने से नफरत है और मैं लगातार यथास्थिति को चुनौती देने और कुछ अलग करने के लिए देखती हूं। मुझे खुशी है कि दर्शक ट्रेलर में मेरे चरित्र को पसंद कर रहे हैं। यह सिर्फ एक टीस है कि फिल्म में क्या उम्मीद की जाए।यह फिल्म डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित, गोविंदा नाम मेरा एक आकर्षक गोविंदा वाघमारे के बारे में है, जो अराजकता, भ्रम और हँसी की इस खुराक में अपनी पत्नी और अपनी प्रेमिका के बीच अपने समय और प्यार की बाजीगरी करता है। वर्कफ्रंट की बात करें



तो, भूमि के पास फिल्मों की एक दिलचस्प लाइन है - अफवाह, भीड़, लेडी किलर और मेरे पति की बीवी।

## ऋतिक रोशन ने गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ रहने की खबरों को किया खारिज

ऋतिक रोशन ने अपनी कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ रहने की सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वॉर स्टार और उनकी पार्टनर सबा जल्द ही एक साथ रहने वाले हैं।



यह भी कहा कि वे यहां मन्नत नामक एक इमारत में एक अपार्टमेंट में एक साथ रहने की योजना बना रहे थे। हालांकि, ऋतिक ने ट्विटर पर इस अफवाह का खंडन करने के लिए कहा, इसमें कोई सच्चाई नहीं है।उन्होंने अपने ट्विटर पर समाचार रिपोर्ट साझा की और कहा, एक सार्वजनिक हस्ती के रूप में, मैं समझता हूं कि मैं जिज्ञासा के दायरे में रहूंगा, लेकिन यह सबसे अच्छा है अगर हम गलत सूचनाओं को दूर रखें, खासकर हमारे रिपोर्ताज में, जो एक जिम्मेदारी का काम है।अभिनय के मोर्चे पर, उन्हें हाल ही में विक्रम वेधा में सैफ अली खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखा गया था। वह अगली बार फाइटर में दिखाई देंगे, जिसे दीपिका पादुकोण के साथ भारत की पहली एरियल एक्शन मैग्नम ओपस के रूप में पेश किया जाएगा।

# सुशासन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

## आयुर्वेद चिकित्सा शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ बनाती हैं - प्रीतम सिंह लोधी, राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष मेला संपन्न





**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। आयुर्वेद का कोई विकल्प नहीं है यह करोड़ों वर्षों से प्रमाणित चिकित्सा पद्धति है यह बात सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज ने कही। नरेंद्र बजाज ने सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयोजित ÷आयुष मेला÷ स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोगो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं इस बात का अनुभव किया है कि आयुर्वेद क्या है, विषम परिस्थिति में जब पूरा देश था, तब आयुष ने आगे आकर कोरोना कोविड 19 से लड़ने का हथियार हमें दिया था। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस के अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, यह एक अत्यंत सराहनीय कदम आयुष विभाग का है। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देश पर आयुष मिशन योजना के तहत 25 दिसंबर को मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के दमोह जिला मुख्यालय पर आयुष जिला चिकित्सालय के विशाल प्रांगण में आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरी के पूजन अर्चन मुख्य अतिथि दमोह सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी एवं जिला आयुष अधिकारी राजकुमार पटेल ने किया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर राजकुमार पटेल ने बताया आयुष मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत है यह आयुष मेला आयोजित किया गया है। मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर इस प्रकार के आयोजन हो रहे हैं। जिले में अनेक स्थानों पर लगातार स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। विभाग लगातार शासन की योजनाओं को लेकर आम जनमानस के बीच में पहुंच रहा है, लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने मंचासीन समस्त अतिथियों का पुष्पहार एवं चंदन के पौधे तथा आयुष किट प्रदान करके स्वागत सम्मान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल ने कहा इस विभाग का आयोजन सराहनीय है। हम सबको अब इस दिशा में सोचना और आगे बढ़ना होगा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है यह एक अच्छा प्रयास है। प्रीतम सिंह लोधी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस पर आयुष विभाग द्वारा आयोजित आयुष मेला में अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने देश को गतिमान करने का अनुकरणीय कार्य किया है जिसके कारण देश उनके जन्म दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं, आयुर्वेद चिकित्सा शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने वाली चिकित्सा हैं जिसके महत्व को हम सबने कोविड के दौरान देखा है, आप सभी के साथ मेरे परिवार ने भी आयुष क्वाथ और त्रिकटु का प्रयोग किया और कोरोना से लड़ने में आयुर्वेद के महत्व को सभी ने देखा हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह अजय श्रीवास्तव ने कहा कि आयुष विभाग लगातार सराहनीय कार्य कर रहा है आज आयोजित मेले में जहां एक और स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर स्वस्थ जीवन जीने की कला भी सिखाई जा रही है। वर्तमान में योग के आसनों की तरफ हम आकर्षित हो रहे हैं परंतु अगर इसके साथ ध्यान प्राणायाम की ओर भी ध्यान दें तो हम बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। गोपाल पटेल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना के समय आयुष विभाग द्वारा किए गए कार्य को भुलाया नहीं जा सकता। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ गुप्ता ने कहा आयुर्वेद में दम है, हम अन्य पैथी की तरफ क्यों देखें। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा हर प्रकार की बीमारी का इलाज आयुर्वेद में है। कौशलेंद्र पांडे ने कहा आम जनमानस को आयुष की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। यहां निशुल्क रूप से स्वास्थ्य सेवाएं और जानकारी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं अतिथियों का आभार डॉ एल.एन. वैष्णव ने किया। डॉ अनुराग कुमार अहिरवार, डॉ. बृजेश कुलपारिया, डॉ. बीएम गौतम डॉ. बाई पी गर्ग, डॉ अनंत राम पटेल, डॉ मनीष पालीवाल, डॉ राहुल चौरसिया, डॉक्टर प्रदीप तंतुवाय, डॉ प्रियंका जैन, डॉ प्रियंका तारण, डॉ रितु कुरेरिया, डॉ वैदेही चौरसिया, मंदाकिनी केशवाल, डॉ प्रीति पटेल, डॉ शिरीष जैन, डॉ दशरथ सिंह ठाकुर, डॉक्टर दिनेश पटेल, डॉ रामजी माझी, प्रीति कोरी, आयुषी रेकल, डॉ अमरीश चौधरी, डॉ ओजस्विनी जैन, तपस्या उपाध्याय के साथ योग चिकित्सक कंपाउंडर दवासाज एवं आयुष के सभी कर्मचारियों कि उपस्थिति रही।

# चित्र का नहीं चरित्र कि सुंदरता होनी चाहिये: पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** श्री राम कथा के तीसरे दिवस होमगार्ड मैदान पर करीब 2 लाख जनता के बीच श्री राम कथा करते हुए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरज कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि इस समय व्यक्ति धन के पीछे बहुत भाग रहे हैं, उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि अगर जीवन सफल बनना है, जीवन को सुधारना है, तो धन की जगह धर्म के पीछे भागना चाहिए। धर्म से ही व्यक्ति में सुधार आता है, और जो व्यक्ति धर्म पर चलता है वह हमेशा सुखी रहता है इसके अलावा शास्त्री जी ने कहा कि उच्चारण से ज्यादा अपने आचरण को अच्छा बनाना चाहिए। उच्चारण से कुछ नहीं होता, यदि आपका उच्चारण के साथ आचरण भी अच्छा होगा तो व्यक्ति सफल हो रहता है।बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने मंच पर आकर फोटो खींचने वालों को लेकर कहा कि कुछ लोग केवल फोटो खिंचवाने के लिए आते हैं, जबकि उन्हें चित्र खींचने की अपेक्षा चरित्र बेहतर बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चित्र क्या खींचना है खींचना ही है तो चरित्र को खींचो। गुरुदेव ने श्री राम कथा सुनने आए भक्तों से कहा कि जिस तरह से बार-बार भोजन करने से शरीर पुष्ट होता है, इसी तरह से बार-बार श्री राम जी की कथा सुनने से चरित्र शुद्ध होता है। कथा संयोजक अजय टंडन ने बताया कि मंगलवार को भी बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर का दिव्य दरवार सुबह 9 बजें से लगेगा। जिसमें सभी भक्त समय से आधा घंटा पहले पहुंचे। जिससे बैठने का उचित स्थान मिल सके।

**खुले वाहन में सवार होकर निकले गुरुजी-** दिव्य दरबार के पूर्व कृष्णा हाइट्स से गुरुजी खुली कार में सवार होकर भक्तों को दर्शन देते हुए कथा पंडाल स्थल पहुंचे इस दौरान रास्ते में शिष्यों ने पुष्प वर्षा कर गुरुजी का अभिवादन किया। रास्ता भर सैकड़ों की तादात में लोग गुरु जी के दर्शन करने के लिए दोनों ओर खड़े हुए थे जिन्होंने पुष्प वर्षा करते हुए गुरु जी का दर्शन लाभ लिया। इस बीच मुख्य मार्गो के अलावा कथा पंडाल में एडिशनल एसपी शिव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की चाक-चौबंद व्यवस्था होने के कारण भक्तो को किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। खुली जीप में गुरुजी मास्क लगाकर जब कथा स्थल पहुंचे तो भक्तों के गुंजायमान जयकारे से समूचा परिसर गूंज उठा। गुरुजी ने मंच पर पहुचते ही हाथ उठाकर मुस्कुराकर सभी शिष्यों को आशीर्वाद दिया गुरुजी ने उद्बोधन देते हुए कहा कि चारों ओर बागेश्वर धाम सरकार के भक्त दिखाई दे रहे हैं निश्चित रूप से जो बालाजी की शरण में रोते हुए आता है वह हंसते हुए जाता है लेकिन इसका ध्यान रखना चाहिए कि किसी एक भगवान को अपना इष्ट बनाएं कई लोग भटक जाते हैं जिन्हें भटकने की आवश्यकता नहीं है उन्होंने कहा कि अगर बनना है तो हनुमान जी के बनो बागेश्वर धाम के बनो उन्होंने कहा की दिव्य दरबार में पर्चा मात्र एक बहाना है दरअसल उनका उद्देश्य सभी भक्तों को बालाजी का बनाना है उन्होंने श्री हनुमान जी महाराज को कलयुग का राजा बताया।

**सोमवार सुबह दिव्य दरबार लगा-** दिव्य दरबार शुरू होते ही सबसे पहले गुरु जी ने 4 पर्चिया बनाई और अलग-अलग चार लोगों को उनकी समस्या का समाधान करने के लिए मंच पर बुलाया इस दौरान खास बात यह भी देखने मिली एक पत्रकार साथी को पहले से बुलाकर 3 पर्चे बना कर रख दिए थे और पत्रकार को जनता के बीच भेजकर 3 लोगों को बुलाया जिसमें से उस पत्रकार से ही पर्चा का नंबर पूछा कि किस पर्चे में किस व्यक्ति के बारे में लिखा होगा आश्चर्यजनक तरीके से यह देखने मिला कि जिस व्यक्ति को पहले लेकर आए और जो पर्चा बताया उसी भक्त का निकला और उसकी समस्या का समाधान भी तुरंत मंच से किया गया।

**देश के कई प्रदेशों से पहुंचे शिष्य मंडल-** दिव्य दरबार में अपनी अर्जी लगाने के लिए देश के कई प्रांतों से लोग पहुंचे विशेष रूप से पश्चिम बंगाल हरियाणा राजस्थान उड़ीसा गुजरात मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश के शिष्य मंडल के सदस्य दमोह पहुंचे जिन्होंने दिव्य दरबार में गुरु जी के दर्शन लाभ लिए इस दौरान कई प्रांतों के लोगों को भी अर्जी लगाने का मौका मिला।

**रात्रिकालीन भजन संध्या व प्रश्नोत्तरी में पहुँचे बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर ने बच्चों एवं बड़ों के प्रश्नों के दिये उत्तर-** श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरज कृष्ण शास्त्री जी महाराज के सानिध्य में कृष्णा हाइट में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चे महिलाएं एवं पुरुषों ने भी कई तरह के सनातन धर्म से संबंधित प्रश्न किए जिनके उत्तर शास्त्री जी के द्वारा देते हुए शंका समाधान किया गया। राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त भजन गायक एवं गजल गायक प्रदीप नितिन अग्रवाल की जोड़ी के द्वारा की गई भजनों की प्रस्तुति की गुरु जी के द्वारा मुक्त कंठ से सराहना की गई। इस दौरान श्री राम कथा के आयोजक संयोजक विधायक अजय टंडन, अखिल टंडन, पारुल टंडन, मनाली टंडन सहित श्री बागेश्वर धाम शिष्य मंडल मौजूद रहा।

# छत्रसाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली मध्यप्रदेश युवा नीति की विशाल जन जागरूकता रैली

## युवाओं ने कहा कि, युवाओं के रोजगार और स्वरोजगार के साथ विभिन्न रचनात्मक आयोजन हों

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**

पन्ना, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश युवा नीति के निर्माण हेतु एक विशाल जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस जन जागरूकता रैली के कोआर्डिनेटर डॉ विनय श्रीवास्तव थे। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ शर्मा द्वारा किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के 250 से भी अधिक विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की। यह छत्रसाल महाविद्यालय से प्रारंभ होकर रैली शहर के प्रमुख मार्गो गांधी चौक, पंचम सिंह चौराहा, महेंद्र भवन, किशोर जी मंदिर, बड़ा बाजार, बलदेव मंदिर, छत्रसाल पार्क, कोतवाली चौराहा होती हुई छत्रसाल महाविद्यालय आकर समाप्त हुई। इस रैली में प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा, डॉ एस पी एस परमार, डॉ एस एस राठौर, डॉ एस के पटेल, डॉ मनोरमा गुप्ता, डॉक्टर जे के वर्मा डॉ आर एम दत्ता, डॉ विनय श्रीवास्तव, डॉ राजीव सिंह, श्री धर्मेंद्र सिंह, श्री सिद्धू सिंह, श्री सतीश त्रिपाठी, डॉ कविता परबंदा, श्रीमती समीक्षा सिसोदिया,डॉ डी पी कुशवाहा, डॉ ऋषभदेव साकेत, डॉ सत्यप्रकाश बेरइया,श्री बृजेश दोहरे, डॉ पीयूषा शर्मा,डॉ अरविंद मंडेलिया, श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती रचना गुप्ता, डॉ पुष्पराज चौरसिया, श्री वरदानी प्रजापति सहित एनसीसी, स्पोर्ट्स, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, प्लेसमेंट सेल, और एनएसएस के साथ ही महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस रैली में 145 छात्राएं और 107 छात्रों ने भाग लिया। एनसीसी के विद्यार्थियों ने अपने सुझाव में कहा



कि शासकीय नौकरियों में मध्यप्रदेश में एनसीसी के सी सर्टिफिकेट पर बोनस अंक प्रदान किए जाने चाहिए तथा उन्हें शासकीय नौकरियों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए जिससे कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक शासकीय नौकरियों में स्थान मिल सके। रैली के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा ने मध्य प्रदेश सरकार की इस अनूठी पहल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को स्वरोजगार और कौशल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण अवसरों की उपलब्धता की जानकारी देते हुए उन्हें सक्रिय रुप से राज्य युवा नीति पर अपने विचार प्रकट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य युवा नीति के निर्माण में विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक सुझाव देना चाहिए जिससे कि उनके भविष्य की नीतियों का सार्थक निर्माण हो सके। इस अवसर पर रैली के संयोजक डॉ विनय श्रीवास्तव ने युवा नीति की जन जागरूकता रैली के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसे छत्रसाल महाविद्यालय के युवा विद्यार्थियों का संगठित और रचनात्मक प्रयास बताया। उन्होंने रैली में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए राज्य युवा नीति पर सार्थक परिचर्चा के आयोजन की जानकारी भी प्रदान की। शहर के प्रमुख मार्गो में इस रैली के विद्यार्थी राज्य युवा नीति सफल रहे, जय जवान जय किसान, वंदे मातरम और भारत मां की जय के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। शहर के प्रमुख मार्गो से निकलती हुई इस रैली की नागरिकों ने मुक्त कंठ से सराहना की और युवाओं के जोश को सलाम किया। छत्रसाल महाविद्यालय के युवा विद्यार्थियों का इस सत्र में रैली के माध्यम से जागरूकता का संदेश देने का यह दूसरा संगठित प्रयास था जो कि प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे की उपस्थिति में स्वच्छता समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

## लांजी नगर परिषद के साथ मिलकर लांजी नगर को स्वच्छ बनाए - रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत नगर परिषद लांजी एवं मोस्ट मध्य प्रदेश संस्था के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 26 दिसंबर 2022 दिन सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लांजी रमेश भटेरे के मुख्य आतिथ्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले की अध्यक्षता, हिराचंद आसटकर, भाजपा मण्डल लांजी अध्यक्ष आलोक चौरसिया, नप उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर तथा समस्त पार्षद गण संजय सय्याम, श्रीमती शिखा गास्वामी, किशोर रामटेक्कर, मुकेश रणदिवे, दिनेश कचवाहे, श्रीमती कस्तूरा वाकड़े के विशिष्ट आतिथ्य में नगर परिषद अंतर्गत आने वाले समस्त 15 वार्डों के स्व सहायता समूह एवं वार्ड स्वच्छता समिति के सभी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के छायाचित्र पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रमेश भटेरे, अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीपज्योति प्रज्जवलित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत समान कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया जिसमे नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप कुमार रामटेककर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य एवं समाज में स्व सहायता समूह की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता के प्रति स्व सहायता समूह की क्या भूमिका है को बताया गया तत्पश्चात अतिथियों का उद्बोधन कार्यक्रम हुआ जिसमे पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीराचंद आसटकर ने कहा कि लांजी नगर परिषद में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में आलोक चौरसिया ने भी कहां की समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जो विकासात्मक कार्य में सहयोगी होती है। महिला अपने अपने घर आंगन को सजाती है यह नगर भी हमारा घर आंगन है आप सभी स्व सहायता समूह की दीदीयॉ क्षेत्र मे बहुत अच्छा कार्य कर रही है मेरा मानना है इस स्वच्छा के प्रति भी आप जन जन को जागरूक करे, ताकि हमारा लांजी क्षेत्र स्वच्छ रहे स्वस्थ रहे। अगले चरण में अजय ठाकुर सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सुखा कचरा एवं गीला कचरा के सुरक्षित निपटान को लेकर प्रशिक्षण दिया जिसमे कहा की की सुखा एवं गीला कचरे को नगर परिषद की कचरा गाड़ी में डाले जिससे कचरे का सुरक्षित निपटान हो जाय। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. किशोर सोनवाने , डॉराजेश रणदिवे ने स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं कोविड से बचाने और सावधानी बरतने के लिए को लेकर प्रशिक्षण दिया और तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक राजाराम परते द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जिसमे आप के द्वारा कहा गया की समूह का गठन कर नियमानुसार उसका संचालन कर महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सशक्त किया जा सकता हैं। तथा कार्यक्रम के अंत में राजस्व सभापति किशोर रामटेकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के स्वच्छता शाखा प्रभारी संतोष भार्गव सहायक उत्तम रामटेककर, आजीविका मिशन से जितेन्द्र तिड? तिडके एवं समस्त शाखा प्रभारी,वार्ड प्रभारी एवं कर्मचारी का सहयोग प्राप्त हुआ।




**लांजी नगर परिषद के साथ मिलकर लांजी नगर को स्वच्छ बनाए - रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष-**

भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे द्वारा कहा गया कि लांजी नगर को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने के लिए सर्वप्रथम हमें अपने वार्ड को स्वच्छ बनाना होगा जिसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है क्योंकि महिलाएं सम्मान सर्वोपरि होता है , तथा विकासात्मक कार्यो में हमेशा से महिलाओं की भागीदारी होती हैं रमेश भटेरे जी ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थी को संकल्प दिलाया की लांजी नगर परिषद के साथ मिलकर लांजी नगर को स्वच्छ बनाए। आपने गायत्री परिवार के मुल मंत्र से भी संबोधित करते हुये कहा की हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा इसे आप अपने जीवन मे चरितार्थ करे क्यों जब तक कोई भी अभियान मे समाज साथ नही होता तो कोई भी अभियान सफल नही होता, आपने मंच से यह भी संकल्प लेने के लिये कहा की आगामी 1 जनवरी को तैयारी करे की आप हम सब मिलकर लांजी नगर परिषद के मार्गो मे सफाई अभियान चलाये।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478